

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, रविवार 12 जुलाई 2026 ■ आषाढ़, कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष -42 ■ अंक-105 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 13 जुलाई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## ईरान ने साइप्रस फ्लैग वाले जहाज पर किया हमला, जवाब में यूएस ने फिर शुरू की बमबारी

**वाशिंगटन, 12 जुलाई।** स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में एक कंटेनर जहाज पर कथित हमले के बाद अमेरिका और ईरान के बीच तनाव फिर बढ़ गया है. इस कारोबारी जहाज पर हमले के बाद अमेरिका ने ईरान पर इस सप्ताह की तीसरी सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है. अमेरिका और ईरान के बीच बीते कुछ दिनों से बढ़ा तनाव अब खुले सैन्य टकराव में बदलता दिखाई दे रहा है. यह हमला अमेरिकी समय के अनुसार शनिवार शाम 7:15 बजे शुरू किया गया. अमेरिकी सेना ने आईआरजीसी पर व्यावसायिक जहाज को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए ईरान पर नए हवाई हमले किए हैं. अमेरिकी सेना के मुताबिक ईरान पर शनिवार को फिर से हमले किए गए. और यह हमला स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर रहे साइप्रस के झंडे वाले कंटेनर जहाज पर आईआरजीसी द्वारा किए गए हमले के जवाब में की गई.यह हमला अमेरिकी समय के अनुसार शनिवार शाम 7:15 बजे शुरू किया गया. सेंटकॉम के मुताबिक, भारतीय समयानुसार कार्रवाई रविवार रात शुरू हुई. हमले में जहाज में आग लग गई और इंजन रूम



को भारी नुकसान पहुंचा, जिससे वह आगे यात्रा करने की स्थिति में नहीं रहा. वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा, "ईरान ने गलत फैसला लिया, अब इसकी कीमत चुकानी होगी." इससे पहले रविवार को आईआरजीसी ने दावा किया था कि एक जहाज ने ट्रैकिंग सिस्टम बंद कर बिना अनुमति तय मार्ग से गुजरने की कोशिश की और चेतावनी के बावजूद रास्ता नहीं बदला. इसके बाद उस पर चेतावनी स्वरूप फायरिंग की गई.सेंटकॉम ने कहा कि पहले भी ईरान को कमर्शियल जहाजों पर हमलों के लिए जवाबदेह ठहराने के बाद उसे समझौते का पालन करने का अवसर दिया गया था, लेकिन बात को नहीं समझते हुए उसने हमला किया, जिसके जवाब में यह सैन्य कार्रवाई की गई.

## सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में चंदा चोरी की जांच

### कांग्रेस ने की डिमांड, ट्रस्ट और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप

**वाराणसी, 12 जुलाई।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कथित चढ़ावा और चंदा अनियमितताओं की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच की मांग की है. उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण में देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ योगदान दिया, इसलिए किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता उनकी धार्मिक भावनाओं के साथ विश्वासघात है. शनिवार को वाराणसी में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डॉ. रागिनी नायक ने कहा कि ट्रस्ट के गठन से लेकर भूमि पूजन, शिलान्यास, प्राण-प्रतिष्ठा और उद्घाटन तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख भूमिका रही है. ऐसे में यदि ट्रस्ट के कामकाज पर सवाल उठ रहे हैं तो प्रधानमंत्री को भी इस मामले में सार्वजनिक रूप से जवाब देना चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रस्ट में हुई कथित



अनियमितताओं के मामले में केवल छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि शीर्ष पदों पर बैठे लोगों की जवाबदेही तय नहीं की गई. कांग्रेस प्रवक्ता ने दावा किया कि एसआईटी की अंतरिम रिपोर्ट के बाद ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों के इस्तीफे स्वीकार किए गए हैं और बड़े आयोजनों के खर्चों की भी जांच की जा रही है. उन्होंने प्राण-प्रतिष्ठा समारोह, ध्वजारोहण कार्यक्रम और श्रद्धालुओं से प्राप्त चढ़ावे के आंकड़ों को लेकर सवाल उठाए और कहा कि पूरे मामले का फोरेंसिक ऑडिट कराया जाना चाहिए. कांग्रेस ने इस मामले में पांच प्रमुख मांगें रखीं. इनमें प्रधानमंत्री से सार्वजनिक जवाब, ट्रस्ट के जिम्मेदार पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर और गिरफ्तारी, सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र न्यायिक जांच, वर्तमान ट्रस्ट को भंग कर नया पारदर्शी ट्रस्ट गठित करना और चंदे, चढ़ावे, भूमि खरीद और खर्चों का पूर्ण फोरेंसिक ऑडिट शामिल है. डॉ. रागिनी नायक ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को श्रद्धालुओं की आस्था और जवाबदेही से जुड़ा विषय मानती है.

## यात्री बस ने कार को मारी जोरदार टक्कर, चालक की मौके पर मौत, दो घायल

**कोंडागांव, 12 जुलाई।** कोंडागांव जिले में रविवार की सुबह यात्री बस और कार के बीच भीषण सड़क हादसा हो गया. जगदलपुर से रायपुर जा रही कांकेर रोडवेज की बस तेज रफ्तार यात्री बस ने कोंडागांव से गीदम जा रही कार को घोड़ा गांव के पास जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद अनियंत्रित बस सड़क किनारे जंगल की ओर जा घुसी. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस काफी तेज गति से चल रही थी. टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया. जानकारी के मुताबिक, हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार से चलने वाली यात्री बसों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिले में बसों की बेलगाम रफ्तार लगातार हादसों का कारण बन रही है. लोगों ने परिवहन विभाग और प्रशासन से बसों की गति पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, नियमित जांच अभियान चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की.

## आंध्र प्रदेश से महाराष्ट्र तक महसूस हुए भूकंप के झटके

**नई दिल्ली, 12जुलाई।** रविवार सुबह देश के दो अलग-अलग हिस्सों में भूकंप के झटकों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। एक ओर बंगाल की खाड़ी में 4.5 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया, जिसका असर आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों तक महसूस किया गया। वहीं महाराष्ट्र के नांदेड़-हिंगोली सीमा क्षेत्र में देर रात से तड़के सुबह तक चार बार धरती डोलने से लोगों में दहशत का माहौल रहा। हालांकि, राहत की बात यह है कि दोनों घटनाओं में अब तक किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र के अनुसार रविवार सुबह 5:05 बजे बंगाल की खाड़ी में रिक्टर स्केल पर 4.5 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इसका केंद्र आंध्र प्रदेश के काकीनाडा तट से करीब 225 किलोमीटर दूर समुद्र में था और इसकी गहराई 10 किलोमीटर मापी गई। भूकंप के झटके विशाखापत्तनम समेत आंध्र प्रदेश के कई तटीय इलाकों में महसूस किए गए। झटके महसूस होते ही कई लोग एहतियातन अपने घरों और इमारतों से बाहर निकल आए।

## बिलासपुर में बड़ा रेल हादसा टला

### मालगाड़ी के वैगन के बेपटरी होते ही मची अफरा-तफरी

**बिलासपुर, 12 जुलाई।** बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक मालगाड़ी का वैगन बेपटरी हो गया। घटना शंकर नगर आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) के नीचे डाउन लाइन पर हुई। गनीमत रही कि उस समय मालगाड़ी की रफ्तार बेहद धीमी थी, जिससे बड़ा रेल हादसा टल गया। हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे के इंजीनियरिंग और तकनीकी विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद बेपटरी हुए वैगन को ट्रैक पर लाने और रेल यातायात सामान्य करने का काम शुरू कर दिया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, घटना का असर ट्रेनों की आवाजाही पर मामूली रूप से पड़ा है। परिचालन को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है और ट्रैफिक बहाली का कार्य लगातार जारी है। रेलवे ने घटना के कारणों का पता लगाने के लिए तकनीकी जांच शुरू कर दी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वैगन किन परिस्थितियों में पटरी से उतरा। फिलहाल राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और समय रहते स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया।

## पीईआईके चेयरमैन ओएमए सलाम समेत 21 सदस्यों के खतरनाक प्लान का पर्दाफाश

**नई दिल्ली, 12 जुलाई।** प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफआई खतरनाक प्लान का पर्दाफाश हुआ है। प्रतिबंधित संगठन पीईआई ने भाजपा-आरएसएस नेताओं को मारने और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने का खतरनाक प्लान तैयार किया था। पटियाला हाउस कोर्ट की स्पेशल एनआईए कोर्ट ने पीईआईके चेयरमैन ओएमए सलाम और वाइस चेयरमैन ईएम अबूबकर समेत 21 सदस्यों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। 29 जुलाई से इन सभी के खिलाफ ट्रायल शुरू होगा। आरोपियों पर देश के खिलाफ साजिश, आतंकी गतिविधियों की साजिश, युवाओं को गुमराह कर टेरर कैंप चलाने और भाजपा-आरएसएस नेताओं को निशाना बनाने का आरोप है। हालांकि, सभी आरोपियों ने अदालत के सामने इन आरोपों को स्वीकार करने से साफ इनकार किया है। इससे पहले हुई सुनवाई के दौरान ही अदालत ने इन सभी 21 आरोपियों के खिलाफ चार्ज फ्रेम करने का आदेश जारी किया था। एनआईए ने इन आरोपियों को सितंबर 2022 में देश के अलग-अलग हिस्सों से छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था। तब से ये सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। जांच के मुताबिक, इन नेताओं पर एक आतंकी संगठन के लिए फंड जुटाने, आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने, युवाओं को गुमराह कर टेरर कैंप आयोजित करने और आतंकी हरकतों के लिए नए सदस्यों की भर्ती करने के अपराध तय हुए हैं। पटियाला हाउस की स्पेशल एनआईए कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ बेहद गंभीर धाराओं में आरोप तय किए हैं। इनमें देश के खिलाफ आपराधिक साजिश रचने और जंग छेड़ने जैसे मामले शामिल है।

## कंडक्टर ने कर्नाटक के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर को बस से उतारा

**बेंगलरु, 12 जुलाई।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में अलग ही नजारा देखने को मिला। छुट्टे नहीं होने पर कंडक्टर ने कर्नाटक के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर को बस से उतार दिया।

वहीं मंत्री जी बस कंडक्टर का मुंह ताकते हुए। कर्नाटक के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर बायराथी सुरेश को बस से उतारने का वीडियो सोशल मीडिया पर मजकर वायरल हो रहा है। दरअसल कर्नाटक के परिवहन मंत्री बायराथी सुरेश ने शनिवार रात फिल्म नायक स्टाइल में बेंगलुरु में सार्वजनिक परिवहन का निरीक्षण किया। मंत्री बायराथी सुरेश ने हेब्बल से नागाशेट्टीहल्ली जाने वाली बीएमटीसी बस में सफर किया। वे बस में चढ़े और दो टिकट मांगे। उन्होंने बस के कंडक्टर को 100 रुपये का नोट दिया, जिसपर उसने छुट्टा मांगा। जब मंत्री ने कहा कि उनके पास छुट्टा नहीं है, तो कंडक्टर उनसे कहा कि छुट्टा नहीं दे सकते तो उतर जाओ। मंत्री के मास्क पहने होने के कारण बस चालक और कंडक्टर उन्हें पहचान नहीं पाया। इसके बाद मंत्री बायराथी सुरेश बिना कोई जबाव दिए बस से उतर गए।

## कर्ज में डूबा एमआर बना चोर : 8 सूने मकानों में की चोरी

**दुर्ग, 12 जुलाई।** मोहन नगर और पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में बीते कुछ समय से सूने मकानों में लगातार हो रही चोरी ने पुलिस के नाक पर दम कर रखा था। आखिरकार पुलिस ने इन सभी चोरियों के



आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से 32 लाख कीमत के गहने और सामग्री भी बरामद किए गए हैं। दरअसल जामुल निवासी आरोपी अनुराग मिश्रा ने दोनों थाना क्षेत्रों के 8 घरों को अपना निशाना बनाया था। खास बात यह है कि आरोपी सभी घरों में चोरी के बाद सीसीटीवी के डीवीआर अपने साथ ले जाता था। पुलिस ने इन चोरों को पकड़ने के लिए टीम बनाई और इसी बीच रात्रि पुलिस टीम नियमित पेट्रोलिंग एवं नाकेबंदी कर रही थी। इसी दौरान एक सफेद रंग की इंडिगो कार संदिग्ध अवस्था में दिखाई दी। पुलिस द्वारा वाहन रोकने का संकेत देने पर अनुराग मिश्रा वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगा, पुलिस ने कार को रोक कर चालक को हिरासत में लिया, जिससे पूरे मामले का खुलासा हुआ। मुख्य आरोपी अनुराग मिश्रा पूर्व में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) के रूप में कार्य करता था। कई एप्लिकेशन के माध्यम से लाखों रुपये के कर्ज में डूब गया था। अलग-अलग कॉलोनियों और आवासीय क्षेत्रों में आने-जाने और सीसीटीवी की तकनीकी जानकारी होने के कारण वह पहले सूने मकानों की रेकी करता था। रात्रि के समय सब्बल, पेचकस एवं अन्य उपकरणों की सहायता से मकान में प्रवेश कर सोने-चांदी के आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं अन्य कीमती वस्तुओं की चोरी करता था और सीसीटीवी डीवीआर लेकर फरार हो जाता था। आरोपी चोरी किए गए सोने के आभूषणों को मुथूट फाइनेंस (पावर हाउस), आईआईएफएल फाइनेंस (पावर हाउस), बजाज गोल्ड फाइनेंस (पावर हाउस) तथा मुथूट फाइनेंस (कुम्हारी) जैसे फाइनेंस कंपनियों में गिरवी रखकर उसके एवज में ऋण प्राप्त करता था.

## पार्श्व गायिका एस. जानकी के निधन पर राष्ट्रपति मुर्मु, केंद्रीय गृहमंत्री ने जताया शोक

**नई दिल्ली, 12 जुलाई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मशहूर पार्श्व गायिका एस. जानकी अम्मा के निधन से भारत ने एक संगीत आइकन खो दिया है। उनकी असाधारण गायकी ने पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनका शानदार करियर छह दशकों से ज़्यादा का रहा, इस दौरान उन्होंने हिंदी, ओडिया, तुलु, उर्दू, पंजाबी और बंगाली समेत लगभग 20 भारतीय भाषाओं में हज़ारों गाने रिकॉर्ड किए।



उनका सदाबहार संगीत हमेशा कीमती रहेगा। मैं उनके परिवार और अनगिनत चाहने वालों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।" केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "मशहूर पार्श्व गायिका एस. जानकी अम्मा के निधन से बहुत दुख हुआ। एक मधुर आवाज ने उन गीतों में जान डाल दी जो विभिन्न भाषाओं में हमेशा के लिए क्लासिक बन गए। हमारे देश के सबसे सम्मानित सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक, वह संगीत की दुनिया में एक ऐसा खालीपन छोड़ गई हैं जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।" बता दें कि मैसूरु तालुक के कनियानाहुंडी फार्म में दिग्गज पार्श्व गायिका एस. जानकी अम्मा का अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। मशहूर पार्श्व गायिका एस. जानकी अम्मा का शनिवार को 88 साल की उम्र में मैसूर में निधन हो गया।



## बिजली कटौती और बढ़े बिल के विरोध में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में अघोषित बिजली कटौती, महंगी बिजली और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर कांग्रेस ने आज अनोखा प्रदर्शन किया। कांग्रेस पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने इस बार विरोध का अनोखा तरीका अपनाते हुए ट्रांसफार्मर की विधि-विधान से पूजा कर बिजली बिल कम आने और अघोषित बिजली कटौती न हो ऐसी कामना की। विकास उपाध्याय की मौजूदगी में पंडितों ने ट्रांसफार्मर की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर अनोखे अंदाज में सरकार का विरोध जताया। कांग्रेस का आरोप है कि प्रदेशभर में लगातार अघोषित बिजली कटौती हो रही है।

## नदी में डूब रहे दो बच्चों को बचाया लेकिन खुद जान गंवा बैठा युवक, अगली सुबह मिला शव

**राजिम, 12 जुलाई।** गोबरा नवापारा नगर के नेहरू घाट स्थित महानदी में दो बच्चों की जान बचाने के प्रयास के दौरान डूबे युवक का शव रविवार तड़के नदी किनारे शनि मंदिर के पीछे बरामद हुआ. शनिवार को हुए इस हादसे के बाद एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोरों ने देर शाम तक तलाश अभियान चलाया था, लेकिन अंधेरा होने के कारण उसे रोक दिया गया. रविवार सुबह किसी नए सर्च अभियान से पहले ही शव स्वतः बहकर नदी किनारे आ गया. जानकारी के अनुसार, गोबरा नवापारा नगर के इंदिरा मार्केट निवासी प्रदीप कश्यप (35 वर्ष) शनिवार दोपहर अपनी पत्नी के साथ नेहरू घाट पहुंचे थे. उनकी पत्नी नदी किनारे मौजूद थीं. इसी दौरान नदी में नहा रहे दो बच्चे गहरे पानी में फंसकर डूबने लगे. बच्चों को संकट में देख प्रदीप कश्यप बिना देर किए उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद पड़े.



उन्होंने साहस का परिचय देते हुए दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया, लेकिन स्वयं तेज धारा और गहरे पानी की चपेट में आ गए और देखते ही देखते नदी में लापता हो गए. घटना की सूचना मिलते ही गोबरा नवापारा पुलिस, एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे. कई घंटों तक तलाश अभियान चलाया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली. रात होने के कारण अभियान स्थगित कर दिया गया. रविवार तड़के गोबरा नवापारा क्षेत्र में नदी किनारे शनि मंदिर के पीछे प्रदीप कश्यप का शव खुद से बहकर किनारे आ गया. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इस हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को शोकाकुल कर दिया है. अपनी जान की परवाह किए बिना दो बच्चों की जान बचाने वाले प्रदीप कश्यप के साहस की नगरभर में सराहना की जा रही है.

## शहादत दिवस पर छलके आंसू, तत्कालीन एसपी विनोद कुमार चौबे समेत 29 जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**राजनांदगाँव, 12 जुलाई।** 12 जुलाई वर्ष 2009 को अविभाजित राजनांदगांव जिले के मानपुर क्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में जिले के तत्कालीन एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 पुलिस जवानों की शहादत हो गई थी। उनकी शहादत की बरसी पर वीर शहीदों को नमन करने प्रतिवर्ष की भांति आज भी पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अविभाजित राजनांदगांव जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र मानपुर के कोरकोट्टी, सीता गांव और मदनवाड़ा में नक्सलियों के हमले में अपनी जान गंवाने वाले तत्कालीन एसपी विनोद कुमार चौबे सहित 29 अन्य पुलिस



जवानों के तैल चित्र पर कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी और शहादत को नमन किया। कार्यक्रम में मौजूद स्वर्गीय एसपी विनोद चौबे की पत्नी रंजना चौबे ने कहा कि यह दिन काफी भावुक और गर्व करने वाला दिन है, उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी शहीदों की कुर्बानी याद रखें और अमन-शांति कायम रहे। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद खत्म हो गया है, अब भय और हिंसा मुक्त राज्य होने से और ज्यादा प्रगति होगी। इस दौरान मौजूद सांसद संतोष पांडे ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वर्ष 2009 से अब काफी परिवर्तन आया है, नक्सलवाद समाप्त हो चुका है। गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संकल्प से प्रदेश नक्सलमुक्त हुआ है।

## नकली पनीर बनाने की शिकायत पर खाद्य विभाग की टीम ने मारा छापा

**रायपुर, 12 जुलाई।** राजधानी रायपुर के भाठागांव इलाके में केमिकल की मदद से नकली पनीर बनाए जाने की शिकायत पर खाद्य विभाग की टीम ने सैंपल जब्त किया है। कांग्रेस का आरोप है कि फैक्ट्री में बिना दूध के पनीर तैयार किया जा रहा था। इस पूरे मामले का वीडियो साक्ष्य होने का दावा भी किया गया है, जिससे मामले ने तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस नेता नवाज खान के आरोप के मुताबिक, फैक्ट्री संचालक ने कैमरे पर यह स्वीकार किया है कि उसकी संबंधित अधिकारियों से सेटिंग है, जिसके चलते उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। इस बयान के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। कांग्रेस नेता नवाज का कहना है कि मामले की सूचना मिलने के बावजूद खाद्य विभाग की टीम समय पर मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान फैक्ट्री संचालक ने तैयार माल और अन्य सामग्री को आनन-फानन में छिपा दिया। इस मामले को लेकर युवा कांग्रेस ने प्रशासन से 24 घंटे के भीतर फैक्ट्री को सील करने और संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई तो खाद्य विभाग का घेराव किया जाएगा।

# 17 अगस्त को पाटन से टोलाघाट के लिए निकलेगी भव्य कांवर यात्रा

■ एक मुट्ठी दान से प्राप्त अन्न से बनेगा महाप्रसाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 12 जुलाई।** बोल बम कांवर यात्रा समिति, पाटन की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को रेस्ट हाउस पाटन में समिति के संयोजक जितेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी=सावन के तीसरे सोमवार 17 अगस्त को पाटन से टोलाघाट तक भव्य एवं विशाल कांवर यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में यात्रा को अधिक भव्य, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धामय स्वरूप प्रदान करने के लिए विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। भगवान शंकर के नाम से शिवभक्तों द्वारा प्राप्त एक मुट्ठी अन्नदान से महाप्रसाद बनाया जाएगा।

समिति के संयोजक जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि कांवर यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन बस नहीं है यह सनातन संस्कृति, आस्था, अनुशासन, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। प्रत्येक वर्ष हजारों शिवभक्त बोल बम के जयघोष के साथ भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक हेतु इस यात्रा में शामिल होते हैं। इस बार भी यह यात्रा पाटन ओग्गर तालाब में विराजमान भगवान भोलनाथ का आशीर्वाद लेकर टोलाघाट के लिए रवाना होगी। बैठक में यात्रा मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, पेयजल एवं भोजन व्यवस्था, विश्राम स्थल, यातायात समन्वय,



स्वच्छता, प्रचार-प्रसार एवं स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा कर संबंधित दायित्वों का निर्धारण किया गया।

बैठक के अंत में संयोजक जितेन्द्र वर्मा ने पाटन क्षेत्र के सभी सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों, युवा मंडलों, महिला समूहों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारी बंधुओं, स्वयंसेवकों एवं शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में कांवर यात्रा में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन किसी एक व्यक्ति या समिति का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की आस्था, श्रद्धा और सामूहिक सहभागिता का महापर्व है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से 17 अगस्त को पाटन से टोलाघाट तक निकलने वाली इस भव्य कांवर यात्रा में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की।

इस बैठक में मुख्य रूप से जितेन्द्र वर्मा भाजपा प्रदेश मंत्री, दिलीप साहू भाजपा महामंत्री, योगेश (निक्की) भाले, कमलेश वर्मा, रानी केशव बंछोर, कमलेश चंद्राकर, धर्मेन्द्र सिन्हा, ज्योतिप्रकाश साहू, पी. एन.दुबे, राकेश पाण्डेय, निशा सोनी, उनिका वर्मा, रश्मि कुर्रे, किरण वर्मा, गीतेश्वरी सपहा, हेमलता पटेल, चंद्रिका साहू, काजल साहू, , लोकमणि चंद्राकर, नेतराम निषाद, मनमोहन शर्मा, अरुण सिंह, दामोदर चक्रधारी, प्रकाश बिजौरा, गंगा प्रसाद देवांगन, धनराज साहू, संजय राजा शर्मा, नारद साहू, गोल्डी गोस्वामी, दीपक चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र कौशिक, संतराम कुंभकार, विष्णु निषाद, भास्कर वर्मा, रामसुमेर छेदईया, खिलेश यादव, राकेश आडील, द्रोण चंद्राकर, खेमलाल साहू, विनोद साहू, जीतू निर्मलकर, देवेन्द्र ठाकुर, नारद सेन, पूर्णेन्द्र सिन्हा, भागवत सिन्हा, कृष्ण कुमार साहू, माधव प्रसाद वर्मा, राकेश (रिंकू) शर्मा, हरप्रसाद आडील, केशव बंछोर, सुरेश साहू, राजू वर्मा, आशीष बंछोर, संदीप बंछोर, हेमंत (गोलू) चंद्राकर, आतिश सपहा, संतोष घिरवानी, मिलन देवांगन, आदित्य सर्वर्णी आदि मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### प्रधानपाठक की पहल पर पांगरी स्कूल को जनभागीदारी से मिला प्रवेश द्वार




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 12 जुलाई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पांगरी के प्रधान पाठक युवराज सिंह साहू ने ग्राम पांगरी के प्रबुद्ध जनों से मिलकर शाला के समस्याओं एवं विकास से संबंधित चर्चा करते हुए कहा कि शाला तो है। शाला में अहाता भी है, वृक्षारोपण भी हुआ है। परन्तु प्रवेश द्वार सहीं नहीं है। अगर आप सभी लोगों का सहयोग मिलेगा तो शाला की सुरक्षा तथा सुन्दरता को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है। इस प्रकार प्रधान पाठक युवराज सिंह साहू द्वारा किया गया अनूठे पहल पर चर्चा कर सभी जनों ने अपनी अपनी सहमति प्रदान करते हुए भागीदारी सुनिश्चित किया। परिणाम स्वरूप शाला के सौंदर्यीकरण में योगदान से जनभागीदारी द्वारा शाला को भव्य प्रवेश द्वार मिला। पूर्व में भी अपने स्वयं के वेतन से गरीब निर्धन बच्चों को बस्ता बेग बांटे, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होने हेतु प्रेरित कर प्रोत्साहित किया जाता रहा है, अपने जन्म दिन पर बच्चों को कापी, पेन, कंपास बाक्स, पानी बाटल आदि बांटें।बच्चों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्ता, ठहराव एवं शाला के बहुमुखी विकास में आपका सराहनीय योगदान रहा है। आप के इस अनोखे पहल से मिले प्रवेश द्वार के लिए जनपद सदस्य संध्या मनोज खरे, ग्राम पंचायत सरपंच प्रमोद कुमार पटेल, उप सरपंच भीषम लखेरा, पंचगण, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अवधेश यादव, उपाध्यक्ष चुरामणि नागेश, सभी सदस्यों, पालकों, शिक्षकों तथा समस्त ग्रामीणों ने सहयोग प्रदान करते हुए हृदय से शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ी फिल्म मोर मईके का मुहूर्त संपन्न, शूटिंग शुरू




**भिलाई, 12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उज्जवल फिल्म के बैनर तले बनने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्म मोर मईके का मुहूर्त रायपुर के इंद्रप्रस्थ फेस-1 स्थित शिव मंदिर में संपन्न हुआ। मुहूर्त के साथ ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई। फिल्म का पहला दृश्य छॉलीवुड अभिनेता प्रदीप शर्मा और अभिनेत्री उपासना वैष्णव पर फिल्माया गया। फिल्म के निर्माता, निर्देशक एवं कैमरामैन दिनेश ठक्कर ने बताया कि फिल्म की अधिकांश शूटिंग गरियाबंद जिले के मनोरम स्थलों पर की जाएगी। मुहूर्त समारोह में छॉलीवुड अभिनेता योगेश अग्रवाल, अमरदास लहरे, राजेश नायक सहित फिल्म जगत से जुड़े कई कलाकार एवं तकनीकी सदस्य उपस्थित रहे।

### 32 पौवा देशी मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अवैध शराब की बिक्री करने वाले आरोपी को अंजोरा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के पास से 32 पौवा देशी



मसाला शराब एवं बिक्री की रकम जब्त की गई है आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई कर अपराध पंजीबद्ध किया है अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम धनोट स्थित राजा तालाब के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से देसी शराब का विक्रय कर रहा है सूचना पर चौकी अंजोरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी करते हुए आरोपी को पकड़ा। आरोपी धनेश बरैया 35 वर्ष निवासी ग्राम धनोट दुर्ग के पास से पुलिस ने 32 पौवा देशी मसाला शराब जिसकी कीमत लगभग 3200 रुपए है एवं नगदी रकम 300 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के विरुद्ध 34 (1), (क), 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है पुलगांव पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम धनोट स्थित चंदखुरी शीतला तालाब के पास से घेराबंदी कर जनक लाल बांधे को पकड़ा गया उसके पास से एक प्लास्टिक की बोरी मे 30 नग शोले शराब मसाला पौवा जब्त किया प्रत्येक पौव्वा में 180 एमएल शराब भरी हुई प्लास्टिक सीसी में बल्क लीटर 5.400 बरामद किया उक्त सामानों की कीमत 3200 रुपये आंकी गई है। आरोपी के खिलाफछत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस लगातार अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफअभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। लोगों से अपील की गई है कि आसपास कहीं भी अवैध शराब की बिक्री हो रही है तो शिकायत करें।

# एकतरफा प्यार की सनक में छात्रा की चाकू मारकर हत्या करने वाला युवक गिरफ्तार

## बेमेतरा की रहने वाली थी मृतका, आरोपी ने योजना बनाकर की थी हत्या, जेल दाखिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 जुलाई।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र के 19 साल की छात्रा की हत्या मामले में 24 घंटे के अंदर पुलिस ने खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है एकतरफा प्यार की सनक में कॉलेज छात्रा की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 साल के आरोपी लाकेश्वर साहू उर्फपिंटू को पकड़ा है योजना बनाकर की हत्या आरोपी पहले से हत्या की योजना बनाकर रायपुर से भिलाई आया था मृतका खुशी साहू बेमेतरा की रहने वाली थी और भिलाई के रामनगर स्थित पीजी में रहकर फार्मेसी की पढ़ाई कर रही थी।



भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि आरोपी एक दिन पहले भी सुनियोजित तरीके से उसे मारने के लिए रामनगर आया था लेकिन उस दिन युवती अपने कमरे में नहीं थी अगले दिन आरोपी फिर आया और घुसते ही ताबड़तोड़ वार कर दिए प्रेम संबंध का बना रहा था दबाव भिलाई नगर सीएसपी ने बताया कि आरोपी लंबे समय से खुशी पर बातचीत और प्रेम संबंध बनाने का दबाव बना रहा था युवती के इनकार कर उससे संपर्क खत्म कर देने से वह नाराज भी था इसी रंजिश में उसने पीजी पहुंच कर पहले खुशी का गला दबाया और फिर चाकू से पीठ, हाथ और पेट पर करीब 10 वार कर उसकी हत्या कर दी? रूम मेट ने परिजन को बताया 10 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे मृतका की रूममेट ने परिजनों को सूचना दी कि खुशी कमरे में गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ी है अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया सबूत मिटाने की भी कोशिश जांच में सामने आया कि आरोपी पहचान छिपाने के लिए दो शर्ट और पैंट के अंदर बरमूडा पहनकर आया था अपने साथ धारदार हथियार भी लाया था हत्या के बाद आरोपी ने अपने खून से सने कपड़े और जूते नदी में फेंककर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की? पहले से परिचित दूर का रिश्तेदार वैशाली नगर टीआई राजकुमार लहरे पुलिस ने बताया कि आरोपी मृतका के दूर का रिश्तेदार या परिचित है इससे ही उसकी पहचान हुई थी वो रायपुर में रहता था फिलहाल उसे बलौदाबाजार से गिरफ्तार कर लिया है पूछताछ में हत्या में प्रयुक्त चाकू और बाइक भी जब्त कर ली गई है वैशाली नगर थाने पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### महिला मोर्चा की नवगठित टीम ने सांसद विजय बघेल से की सौजन्य भेंट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की दुर्ग जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर के नेतृत्व में पाटन विधानसभा के पांचों मंडलों की नवनियुक्त महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने विजय बघेल के सेक्टर-5 स्थित भिलाई निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी की ओर से पूरी टीम ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जहां पद नहीं बल्कि दायित्व मिलता है। संगठन ने कार्यकर्ताओं पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर पूरी निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव के साथ खरा उतरना प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा संगठन की सशक्त शक्ति है, जो समाज में जन जागरण, सेवा और संगठन विस्तार का महत्वपूर्ण कार्य करती है। उन्होंने पदाधिकारियों से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच पार्टी की विचारधारा और नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। सांसद ने कहा कि संगठन की सफलता सामूहिक प्रयास, अनुशासन और निरंतर जनसेवा से ही सुनिश्चित होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महिला मोर्चा की नई टीम पूरे उत्साह और समर्पण के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष दिव्या कालिहारी सहित विभिन्न मंडलों की अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# जन मित्र संस्था ने पुलिसकर्मियों के लिए लगाया मेडिकल कैंप



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 जुलाई।** पुलिस और 'जन मित्र' संस्था के संयुक्त तत्वावधान में पुलिसकर्मियों, सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों, अग्निशमन कर्मियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया एक दिवसीय मेगा मेडिकल कैंप आज सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। न्यू पुलिस लाइन ठगड़ा बांध के पास में आयोजित इस विशाल शिविर में सुबह 9:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक सैकड़ों पुलिस परिवारों और आमंत्रित अतिथियों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई।

इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ डीजीपी अरुण देव गौतम ने किया। इस मौके पर आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह और जिले के एसएसपी विजय अग्रवाल की विशेष मौजूदगी रही शिविर की मुख्य विशेषता यह रही कि इसमें पुलिस अस्पताल के डॉ. सुधीर गांगेय के नेतृत्व में देश व प्रदेश के प्रतिष्ठित अस्पतालों के 22 से अधिक सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर के दौरान हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, हड्डी रोग, स्त्री एवं शिशु रोग, दंत और नेत्र रोग से संबंधित विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का गहन परीक्षण कर उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया गया। इसके अतिरिक्त, मरीजों के लिए एनएबीएल प्रमाणित पैथोलॉजी जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट और ईसीजी जैसी आवश्यक जांचें पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। डॉक्टरों की सलाह पर मरीजों को मौके पर ही दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया गया।इस अवसर पर डीजीपी अरुण देव गौतम ने कहा कि पुलिसकर्मी 24 घंटे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में ड्यूटी करते हैं, जिसके कारण वे अक्सर अपनी सेहत की अनदेखी कर देते हैं। इस तरह के स्वास्थ्य शिविर न केवल उन्हें अपनी शारीरिक स्थिति को समझने में मदद करते हैं, बल्कि उनके परिवार को भी समय पर बेहतर इलाज सुनिश्चित कराते हैं।

उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए सहयोगी संस्था 'जन मित्र' और सभी डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को दुर्ग आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह और दुर्ग डीआईजी विजय अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए मेगा मेडिकल कैंप के आयोजन को पुलिस विभाग के लिए आवश्यक बताया कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी - कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीजीपी गौतम का स्वागत किया। वहीं डीजीपी ने बेहतर प्रदर्शन के लिए अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग के जिला सेनानी नागेंद्र कुमार सिंह का सम्मान किया।

# कचरा प्रबंधन के साथ सोकपिट निर्माण के लिए ग्रामीणों को करें प्रेरित : सीईओ अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 12 जुलाई।** जिले को ओडीएफ प्लस बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के मैदानी कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए विभागीय टीम गठित कर अलग-अलग ग्रामों में दौरा कर बैठके, घर-घर संपर्क कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के विषय पर ग्रामीणों को जानकारी दी जा रही है।इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नए नियम के साथ-साथ सोकपिट निर्माण, नाडेप टैंक निर्माण एवं इसका उपयोग करने ग्रामीणों को प्रेरित किया जा रहा है। जिसमे बताया जा रहा हैं की स्वच्छता सिर्फकचरा उठाने तक सीमित नहीं है। बल्कि पानी के सही निपटान के लिए हर घर में सोकपिट बनाना भी जरूरी है।साथ ही साथ सामुदायिक स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने आगे बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी सरपंच, सचिव एवं स्व-सहायता समूहों को लगातार ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर 2 अक्टूबर तक कबीरधाम को ओडीएफ प्लस जिला बनाने में सहयोग करने कहा जा रहा है।



**अभियान की मुख्य बातें**

» **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026:** गांव-गांव जाकर प्रत्येक घरो में 4 प्रकार के कचरा डिब्बा व्यवस्था जिसमे हरा, नीला, लाल, काला डिब्बा रखने की समझाइश दी रही है। स्वच्छता दीदियों द्वारा अलग-अलग कचरा संग्रहण कर इसका सत्यापन कर रही है!

» **सोकपिट निर्माण पर जोर:** घरों से निकलने वाले ग्रे वाटर व सेप्टिक टैंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर के समुचित निपटान के लिए सोकपिट निर्माण हेतु ग्रामीणों को तकनीकी जानकारी एवं प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

» **अन्य गतिविधियां:** मैदानी कर्मचारी द्वारा वर्मी कंपोस्ट, वॉल पेंटिंग, नारा लेखन, महिला समूहों की बैठक एवं स्कूलों में बच्चों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश पहुंचाया जा रहा है। खुले में कचरा फेंकने पर ग्राम पंचायत द्वारा जुर्माने का प्रावधान भी बताया जा रहा है। सामुदायिक शौचालय के उपयोग एवं इसके रखरखाव, व्यक्तिगत शौचालय के उपयोग इत्यादि विषय पर भी ग्रामों में फोकस किया जा रहा है।

### एसीसी चौक-राजीव नगर मार्ग के गड्ढों से बढ़ी हादसे की आशंका



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 जुलाई।** शिवसेना भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर छावनी वार्ड-41 स्थित एसीसी चौक से राजीव नगर जाने वाली सड़क की जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि सड़क पर करीब 10 फीट लंबे और 2 फीट गहरे गड्ढे होने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत सैकड़ों मजदूरों का प्रतिदिन आवागमन होता है तथा बड़ी संख्या में भारी वाहन भी गुजरते हैं। गड्ढों से बचने के प्रयास में कई बार वाहन चालक संतुलन खो देते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है।

## दीदी के गोठ मासिक रेडियो प्रसारण की प्रथम वर्षगांठ पर जिला पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन

# सीएम साय व डिप्टी सीएम शर्मा ने वर्चुअल से किया संबोधित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के महत्वपूर्ण जन जागरूकता कार्यक्रम दीदी के गोठ के मासिक रेडियो प्रसारण के प्रथम वर्षगांठ पर जिला पंचायत कबीरधाम के सभा कक्ष भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विजय शर्मा ने जिले की लखपति दीदी दुर्गा नट एवं रुक्मणी जायसवाल सहित समूह की अन्य दीदियों को वर्चुअल रूप से संबोधित किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि नारी शक्ति को समर्पित दीदी के गोठ सभी के लिए उपयोगी है।रानी मिस्त्री, डीलर दीदी जैसे कार्यो से महिलाओं ने अपनी नई पहचान बनाई है।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास के लिए और कार्य किया जाएगा जिससे ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार मिलेगा।समूह के द्वारा महिलाएं आगे बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी सहित जिला पंचायत के सदस्य पूर्णिमा मनीराम



साहू, सुमित्रा पटेल, वीरेंद्र साहू, लोकचंद साहू, नितेश अग्रवाल, विजय पटेल, खिलेश्वर साहू सहित जिला पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं बिहान योजना से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की दिदीया बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

उल्लेखनीय है कि दीदी के गोठ रेडियो प्रसारण का शुभारंभ गत वर्ष किया गया था। यह कार्यक्रम आकाशवाणी के माध्यम से प्रदेशभर की स्व-सहायता समूहों की दीदियों तक सरकार की योजनाओं, आजीविका के अवसरों तथा प्रेरणादायक सफलता की कहानियों को पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है।दीदी के गोठ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को योजना की जानकारी प्रदान करना, महिला समूह के प्रेरणादायक अनुभव को आपस मे साझा करते हुए आत्मविश्वास प्रदान करना है।ताकि वे आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बन सकें। इसके माध्यम से लखपति दीदी, कृषि सखी, बैंक सखी, पशु सखी, ड्रोन दीदी तथा अन्य सफल महिला उद्यमियों के अनुभव साझा किए जाते हैं, जिससे अन्य दीदियाँ भी प्रेरित होकर स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ रही है।जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दीदी के गोठ प्रसारण से ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।इस कार्यक्रम से महिलाओं को नए व्यवसाय की जानकारी प्राप्त होती है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और आजीविका के नए अवसर देने का यह नवाचार सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा ने कहा की दीदी के गोठ केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं की आवाज़, उनके अनुभवों और सपनों का मंच है। यह कार्यक्रम शासन और समुदाय के बीच संवाद को मजबूत बनाता है तथा प्रत्येक दीदी को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करता है।

### खुर्सीपार रेलवे फाटक 10 दिनों तक रहेगा बंद

**भिलाई, 12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खुर्सीपार रेलवे समपार फाटक क्रमांक 440 पर आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके चलते 14 जुलाई की सुबह 8 बजे से 24 जुलाई की रात 8 बजे तक इस मार्ग पर सभी प्रकार के सड़क वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से फाटक को सड़क यातायात के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया है। रेलवे ने आम नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे इस अवधि में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा यात्रा की योजना पहले से बनाकर असुविधा से बचें। फाटक बंद रहने से खुर्सीपार, भिलाई और भिलाई नगर के बीच आवागमन करने वाले हजारों लोगों पर इसका प्रभाव पड़ने की संभावना है।

### भिलाई विद्यालय में पालक शिक्षक समिति का गठन

**भिलाई, 12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेक्टर-2 स्थित भिलाई विद्यालय में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए पालक शिक्षक समिति का गठन किया गया। समिति में भुवनेश्वरी देवांगन को अध्यक्ष तथा के. मोहन राव एवं रीना देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। प्राचार्य एवं पदेन सचिव विजय सिंह पवार ने विद्यालय की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी देते हुए शिक्षा में पालक, शिक्षक और विद्यार्थियों की संयुक्त भूमिका पर बल दिया तथा समिति के सदस्यों से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर गत वर्ष का आय-व्यय विवरण भी प्रस्तुत किया गया। संचालन सजिता राजेश तथा धन्यवाद ज्ञापन देवेन्द्र कुमार साहू ने किया।



## एक नजर

### बकाया राशि जमा नहीं करने वाले 5 पूर्व सरपंचों को अंतिम चेतावनी,3 दिन में राशि नहीं जमा करने पर होगी सख्त कार्रवाई

**बलौदाबाजार,12 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बार -बार नोटिस के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं करने वाले पूर्व सरपंचों पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम सिमगा ने 5 पूर्व सरपंचों को 14.67 लाख रुपये शासकीय बकाया राशि की वसूली के लिए अंतिम चेतवनी नोटिस जारी किया है। एसडीएम सिमगा अतुल शेट्टे ने बताया कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत पूर्व सरपंच को पंचायत की राशि जमा नहीं करने के फ्लस्वरुप सम्पूर्ण राशि एकमुश्त जमा करने के लिए बार-बार नोटिस जारी किया गया, किन्तु बकायादार पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा राशि जमा नहीं करने के कारण राशि जमा करने का अंतिम अवसर 13 जुलाई 2026 तक दिया गया है। राशि जमा न करने पर राशि जमा होने तक या एक महिने का सिविल जेल भेजा जाएगा। इन 5 पूर्व सरपंचों को अंतिम चेतावनी-जिन पूर्व सरपंचों को अंतिम नोटिस जारी किया गया है उनमें प्रेम सिंह ध्रुव ग्राम भटभेरा वसूली राशि 9लाख 15 हजार 997,निर्मला साहू ग्राम अडबांधा वसूली राशि 37500, माधुरी ग्राम लिमतरा वसूली राशि 37500,मानसिंह साहू ग्राम ढेकुना वसूली राशि एक लाख 80 हजार और देवनारायण साहू ग्राम खिलोरा वसूली राशि 2 लाख 96 हजार 713 शामिल हैं।

### 13 से 18 जुलाई तक जिले में एचपीवी विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन

**बलौदाबाजार,12 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिले में 13 से 18 जुलाई 2026 तक ह्यूमन पैपिलोमा वायरस विशेष टीकाकरण सप्ताह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 14 से 15 अर्थात जिन्होंने अपना 14 वां जन्मदिन मना लिया है और 15 वां बचा है उन पात्र बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने अभियान की सफ्लता एवं पूर्ण टीकाकरण हेतु इस विशेष टीकाकरण सप्ताह के दौरान शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि, एचपीवी एक वायरस है, जिसके कुछ प्रकार आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) का कारण बन सकते हैं। एचपीवी टीका इस गंभीर बीमारी से बचाव का प्रभावी और सुरक्षित माध्यम है। इसके अलावा यह टीका एचपीवी संक्रमण से होने वाली अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को भी कम करता है।उन्होंने बताया कि पहले एचपीवी टीकाकरण जिला अस्पताल और सीएचसी पर उपलब्ध था, लेकिन अब जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी एचपीवी टीका उपलब्ध कराया गया है। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की पात्र बालिकाओं को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ही टीकाकरण की सुविधा मिल सकेगी। किसी निजी संस्था में यह टीका लगवाने पर काफी धन खर्च होता है जबकि शासन द्वारा निःशुल्क किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के सभी अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें तथा पात्र बालिकाओं का समय पर एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं। यह टीका भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### पत्रकारों को वाहन से कुचलने के प्रयास के मामले में फरार आरोपी पर 5,000 का इनाम घोषित

**डोंगरगढ़ 12 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पत्रकारों को कथित रूप से वाहन से कुचलने के प्रयास के मामले में फरार आरोपी प्रवेश गोलछा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 5000 का नगद इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी अपील में आम नागरिकों से आरोपी के संबंध में विश्वसनीय सूचना देने का आग्रह किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध अपराध के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125(ए) एवं 109 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज है। आरोप है कि आरोपी ने पत्रकारों को वाहन से कुचलने का प्रयास किया जिसके बाद से वह फरार है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आरोपी की गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी तथा सूचना सही पाए जाने पर 5,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इधर, प्रेस क्लब आफ डोंगरगढ़ ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। प्रेस क्लब ने पुलिस प्रशासन से इनाम की राशि बढ़ाने का भी आग्रह किया है, ताकि आरोपी की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित हो सके।

### नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विवेचकों को स्मार्ट मोबाइल वितरित

**राजनांदगांव 12 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी एवं तकनीक आधारित क्रियान्वयन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा उपलब्ध कराए गए स्मार्ट मोबाइल आज पुलिस कार्यालय राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के करकमलों से जिले के विवेचकों को वितरित किए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने कहा कि नवीन आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद विवेचना प्रक्रिया में तकनीक का महत्व और अधिक बढ़ गया है। घटनास्थल से डिजिटल साक्ष्य संकलन, फोटो एवं वीडियो दस्तावेजीकरण, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, विभिन्न पुलिस एप्लिकेशन के उपयोग तथा त्वरित सूचना आदान-प्रदान के माध्यम से विवेचना को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध बनाया जा सकता है। इन स्मार्ट मोबाइलों के माध्यम से विवेचक नवीन तकनीकों का उपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं वैज्ञानिक विवेचना सुनिश्चित करेंगे।

# मुख्यमंत्री को गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आमंत्रण,सीएम ने आचार्य का शाल-श्रीफल से किया सम्मान




**रायपुर/कुनकुरी 12 जुलाई।** आगामी 29 जुलाई को गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर अघोर पीठ, श्री समवर्ती समूह महुवाटोली (कुनकुरी) द्वारा सेवा, समर्पण एवं मानव कल्याण की भावना के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर निशक्तजनों एवं जरूरतमंद लोगों को वस्त्र, कंबल एवं साड़ी का वितरण किया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं एवं आमजन के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन रखा गया है।

इस पावन आयोजन में शामिल होने के लिए अघोर पीठ के पीठाधीश्वर बाबा समूह रतन राम जी के शिष्य नागेश्वर पाठक ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट कर उन्हें सादर निमंत्रण दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गुरुपूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष अघोर पीठ द्वारा समाज के वंचित, असहाय एवं निशक्तजनों की सेवा के उद्देश्य से विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं सामाजिक कार्यकर्ता सहभागिता करते हैं।

इस दौरान एक आत्मीय एवं सम्मानपूर्ण वातावरण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अघोर पीठ के पूज्य आचार्य जी का शाल एवं श्रीफल भेंट कर विधिवत सम्मान किया। यह सम्मान आध्यात्मिक परंपरा, संत समाज के प्रति आदर तथा सेवा और मानवता के मूल्यों के प्रति मुख्यमंत्री की श्रद्धा का प्रतीक रहा। उपस्थित लोगों ने इस सम्मान को अत्यंत गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायी क्षण बताया। मुख्यमंत्री ने अघोर पीठ द्वारा समाज सेवा, आध्यात्मिक जागरण तथा जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, संवेदना और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने गुरुपूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सफ्लता के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। उल्लेखनीय है कि 29 जुलाई को आयोजित होने वाले गुरुपूर्णिमा महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

# पौधारोपण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 जुलाई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बाटगांव में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आयोजित वनमहोत्सव, वृक्षारोपण एवं निःशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अपनी माता स्वर्गीय श्रीमती सुधादेवी सिंह के नाम फ्लदार पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम बाटगांव में लगाए गए 4 हजार पौधों के संरक्षण के लिए सोलर पंप सहित बोरवेल की स्थापना तथा वृक्षारोपण स्थल को बच्चों के लिए बाल उद्यान के रूप में विकसित करने हेतु 10 लाख रूपए की सामग्री उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में 30 से 50 एकड़ क्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण किया जाएगा, वहां भी बाल उद्यान विकसित करने के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी अपनी मां के नाम पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूली विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने एवं पौधरोपण के लिए निःशुल्क पौधा वितरण वाहन को हरी झंडी दिखाई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ग्राम बाटगांव की सरपंच श्रीमती




आशा यदु और ग्रामवासियों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक जनभागीदारी से किया गया वृक्षारोपण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर बनेगा। उन्होंने कहा कि आज लगाए गए आम, कटहल, आंवला, नींबू, पीपल एवं बरगद जैसे पौधे भविष्य में घने वृक्षों का रूप लेकर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों को भी लाभ पहुंचाएंगे। उन्होंने कबीरधाम जिले के ग्राम मड़मड़ा का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां अवैध कब्जे से मुक्त कराए गए लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में सामूहिक वृक्षारोपण किया गया, जिससे आज वह क्षेत्र घने जंगल के रूप में विकसित हो चुका है। वहां लगाए गए बांस एवं अन्य वृक्षों से ग्राम पंचायत को नियमित आय प्राप्त हो रही है तथा ग्रामीणों को भी इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता से वृक्षारोपण और उसका संरक्षण ग्रामीण विकास का प्रभावी माध्यम बन सकता है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 5 जून 2024 को एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ करते हुए देशभर में 100 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा था, जिसे देशवासियों की सक्रिय भागीदारी से निर्धारित समय से पहले ही प्राप्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपनी माता के नाम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण आवश्यक है। राजनांदगांव जिला इस वर्ष प्रदेश के सर्वाधिक गर्म जिलों में रहा है, इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाना, भू-जल स्तर को सुधारना तथा जल संरक्षण सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों से भी पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि पौधरोपण का कार्य पुण्य का कार्य है। वृक्ष जीवन का आधार है और हम सभी को पौधरोपण करने के साथ ही पौधों का संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से वृक्षों की महत्ता को समझते हुए इसके संरक्षण की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में स्वाभाविक रूप से मन प्रकृति की ओर होता है और ऋतुराज के आने के साथ ही किसानों को वर्षा की प्रतीक्षा रहती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। 24 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को 12 करोड़ रूपए से अधिक तेंदूपत्ता बोनस दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा विकसित भारत-जीरामजी (वीबी-जीरामजी) योजना के तहत ग्रामीण श्रमिकों को 125 दिनों का काम मिलेगा। उन्होंने बताया कि वीबी-जीरामजी योजना के तहत पौधरोपण, जल संरक्षण, पंचायती राज के तहत छोटे-छोटे निर्माण कार्य सहित अन्य कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। शासन द्वारा किसानों से दलहन-तिलहन फसल लेने की अपील की जा रही है। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा किइस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में जिले का तापमान 47 डिग्री तक पहुंच गया था, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बाटगांव में 1400 पौधरोपण किया गया था और सभी पौधे संरक्षित है, जो सराहना का विषय है। इस वर्ष वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया।

## संसार है दोषमय गुणों से युक्त : मुनि शाश्वत सागर



**रायपुर 12 जुलाई।** भैरव सोसायटी स्थित अरिहंत भवन में नवकार जाप ग्रुप व अरिहंत हाईट्स वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 12/07/2026 रविवार को प्रातः 9 से 9:48 बजे तक सकल जैन समाज की गरिमामय उपस्थिति के साथ मुनिश्री शाश्वत सागर रत्न ठाणा-2 के सान्निध्य में 31 वां क्रम संपन्न हुआ। नवकार जाप ग्रुप से आशीष जैन, वीरेंद्र डागा, कमल जैन उपस्थित रहे। उपस्थित सभा को मुनिश्री ने उद्बोधन के माध्यम से मार्गदर्शित करते हुए जाप के माध्यम से अपने जीवन को आध्यात्मिकता की ओर अग्रसित करने का प्रयास करने आग्रह किया।

## वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र शर्मा बने छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश संगठन सचिव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 12 जुलाई।** तिल्दा-नेवरा के वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र शर्मा को छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन का प्रदेश संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की सहमति से प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर दुबे द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के माध्यम से की गई। नियुक्ति के बाद पत्रकार जगत, सामाजिक संगठनों तथा शुभचिंतकों ने नरेंद्र शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव, सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा पत्रकार हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्य होंगे। अपनी नियुक्ति पर नरेंद्र शर्मा ने संगठन के प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा प्रदेशभर के पत्रकारों के हित में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।



# महतारी वंदन योजना :महिलाओं के जीवन में खुशहाली और स्वावलंबन का नया सवेरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी ‘महतारी वंदन योजना’ प्रदेश की लाखों महिलाओं के जीवन में खुशहाली और स्वावलंबन का नया सवेरा लेकर आई है। जिले के ग्राम गुड़ेलिया की रहने वाली ऊषा यादव पति पप्पू यादव के लिए यह योजना किसी वरदान से कम साबित नहीं हुई है।

ऊषा यादव का परिवार खेती-मजदूरी पर निर्भर है, जिससे कड़ी मेहनत के बाद भी घर का गुजारा बेहद तंगी में चलता था। वे बताती हैं कि जब से महतारी वंदन योजना की राशि मिलना शुरू हुआ है, तब से घर चलाने, सब्जी-भाजी खरीदने और राशन की व्यवस्था करने की रोज-रोज की चिंता पूरी तरह खत्म हो गई है। पहले इन छोटी-मोटी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरों से उधार मांगना पड़ता था, जिससे मानसिक तनाव रहता था। ऊषा



यादव ने इस संबल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सहृदय धन्यवाद करते हुए कहा कि हर महीने मिलने वाले एक हजार रूपए मात्र एक वित्तीय सहायता नहीं हैं, बल्कि यह समाज में महिलाओं का सम्मान और उनकी आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। गौरतलब कि छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार ने प्रदेश की महिलाओं को आज महतारी वंदन योजना की 29वीं किस्त जारी की है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से राज्य की 66 लाख 74 हजार से अधिक पात्र विवाहित महिलाओं के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफ्टि ट्रांसफर (ष्ठक्क्ल्ल) के तहत 626 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर की गई है। सरकार के इस कदम से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा सहित पूरे प्रदेश की ग्रामीण और शहरी महिलाओं को बड़ी आर्थिक राहत मिली है। सुशासन और महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रतिबद्ध साय सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर उनके आत्मसम्मान को लगातार बढ़ावा दे रही है, जिससे उनके दैनिक जीवन के वित्तीय संकट दूर हो रहे हैं।

### शराब बिक्री करने वाले 2 शराब कोचियों को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 12 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 10.07.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम मुड़पार नहर पुल के पास जारा रोड में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## रेलयात्रियों के लिए बड़ी सौगात,उधना ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस अब प्रतिदिन चलेगी

■ विकास मंच ने डोंगरगढ़ व राजनांदगांव में स्टॉपेज तथा अन्य ट्रेनों के ठहराव की भी उठाई मांग

**डोंगरगढ़ 12 जुलाई।** रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। गोंदिया होकर संचालित होने वाली ट्रेन क्रमांक 19021 19022 उधना ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस अब सप्ताह में केवल तीन दिन नहीं बल्कि 9 जुलाई से प्रतिदिन संचालित की जा रही है। इस निर्णय से गोंदिया, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा और गुजरात के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। ट्रेन के प्रतिदिन संचालन से यात्रियों को यात्रा के लिए अधिक विकल्प मिलेंगे, साथ ही आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक, सुगम और किफायती होगा। व्यापार, शिक्षा, रोजगार और पारिवारिक यात्रा करने वाले लोगों को भी इस निर्णय से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर विकास मंच ने सांसद एवं रेल मंत्रालय से मांग की है कि उधना/ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस का डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव रेलवे स्टेशनों पर नियमित ठहराव स्टॉपेज सुनिश्चित किया जाए ताकि इस क्षेत्र के यात्रियों को भी इस महत्वपूर्ण ट्रेन का लाभ मिल सके। मंच ने यह भी मांग उठाई कि धर्मनगरी डोंगरगढ़ में अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज की लंबे समय से लंबित मांगों पर भी शीघ्र निर्णय लिया जाए। विशेष रूप से बिलासपुर जयपुर एक्सप्रेस के डोंगरगढ़ में ठहराव की मांग पर भी सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया गया।

इस महत्वपूर्ण निर्णय पर तरुण हथेल ने भारतीय रेल का आभार व्यक्त करते हुए सभी रेल यात्रियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि उधना ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस का प्रतिदिन संचालन क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और इससे हजारों यात्रियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में गोंदिया होकर और अधिक नई ट्रेनों का संचालन, विभिन्न ट्रेनों का विस्तार तथा डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव सहित क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर आवश्यक स्टॉपेज की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे यात्रियों को और बेहतर रेल सुविधाएं मिल सकें।

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल एवं फिजियोथेरेपी सेंटर का किया निरीक्षण,सुविधाओं की जानकारी ली

■ जिला अस्पताल में ओपीडी एवं लैब टेस्ट संख्या में हुई वृद्धि

■ जिला अस्पताल में एमआरआई मशीन शीघ्र स्थापित करने तथा पंचकर्म केन्द्र को सक्रिय करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,12 जुलाई।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लेने कलेक्टर कुलदीप शर्मा शनिवार को बलौदाबाजार स्थित जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के ओपीडी, आईपीडी, इंटिग्रेटेड पब्लिक लैब, मातृ एवं शिशु अस्पताल, एनआरसी, फिजियोथेरेपी एवं पंचकर्म केन्द्र का निरीक्षण कर जानकारी ली।



कलेक्टर ने जिला अस्पताल में एमआरआई मशीन के सम्बंध में जानकारी लेते हुए शीघ्र स्थापित करने सिविल एवं तकनिकी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल में ओपीडी एवं लैब में टेस्ट संख्या में वृद्धि होने पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर रखने कहा। इसके साथ ही लैब में जांच रिपोर्ट मरीज के मोबाइल में वाहट्सएप्प के माध्यम से प्राप्त होने की सुविधा देने कहा। उन्होंने अस्पताल के विजिटिंग एरिया में विजिटिंग चेयर की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिये। अस्पताल निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों एवं ओपीडी मरीजों से बात कर हाल -चाल जाना और अस्पताल में निःशुल्क ईलाज की जानकारी दी। उन्होंने प्रसूति वार्ड में भर्ती प्रसूताओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उन्हें बेबी किट प्रदान किया।

कलेक्टर ने एनआरसी में भर्ती 5 कुपोषित बच्चों एवं उनके अभिभावक से केन्द्र में मिल रही सुविधाओं तथा बच्चे की स्वास्थ्य और वजन की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के माताओ से कहा कि जिस तरह से यहां बच्चों को समय पर भोजन दिया जा रहा हैं उसी तरह घर में भी देने का प्रयास करें। इस दौरान उन्होंने बच्चों का वजन कराया और भर्ती होने के दिन से अब तक वजन वृद्धि की जानकारी ली। उन्होंने रसोई में रखें सामानो, पानी,बर्तन आदि का भी जायजा लिया और साफ़ सुथरा रखने कहा।

कलेक्टर ने फिजियोथेरेपी केंद्र का निरीक्षण कर प्रतिदिन एवं माह में आने वाले मरीजों की जानकारी ली। बताया गया कि केन्द्र में एक पुरुष व एक महिला फिजियो हैं।यहां प्रतिदिन लगभग 45 एवं माह में 980 मरीज आते हैं। विभिन्न अभ्यास उपकरणों के साथ 5 बेड भी हैं। उन्होंने फिजियोथेरेपी केन्द्र के प्रथम तल में संचलित पंचकर्म केन्द्र का भी निरीक्षण किया।उन्होंने केंद्र में सांसधन,दवाई बढ़ाने एवं सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिये। इस दौरान सीएमएचओ डॉ राजेश अवस्थी, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार, युवाओं को मिला व्यापक प्रतिनिधित्व

**सिमगा 12 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत साहू ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नई टीम की घोषणा की है। कार्यकारिणी में प्रदेशभर के युवाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है, ताकि संगठन को और अधिक मजबूत एवं स ि य बनाया जा सके। नई कार्यकारिणी में 15 प्रदेश सहसंयोजक, 2 प्रदेश महामंत्री, 12 प्रदेश सलाहकार, 25 प्रदेश संगठन सचिव, 25 प्रदेश संयुक्त सचिव, 1 मीडिया प्रभारी, 2 सह मीडिया प्रभारी तथा 15 प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत साहू ने कहा कि यह विस्तार युवाओं की ऊर्जा और सहभागिता को संगठन से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



# सरकार को अफवाह फैलाने का मौका नहीं देना चाहिए

सरकार कुछ देशहित,जनहित में करना चाहती है तो देश में कुछ लोग ऐसे होते हैं वह खुल कर तो सरकार का विरोध करने सामने नहीं आते हैं लेकिन पर्दे के पीछे से कई तरह के माध्यमों का इस्तेमाल करते हुए यह अफवाह फैलाने का प्रयास करते हैं कि सरका जो कुछ करने जा रही है वह देशहित व जनहित में नहीं है। इससे तो लोगों को नुकसान होगा। इस बार भी सरकार ने जैसे ही ई-२० ईंधन यानी २० प्रतिशत एथेनाल मिश्रित पेट्रोल बेचने का फैसला किया वैसे ही देश में अफवाह फैलाने वाले सक्रिय हो गए कि इससे तो गाड़ी खराब हो रही है, गाडी के इंजन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, गाड़ी चलते चलते बंद हो जाती है,गाड़ी का माइलेज कम हो गया है।सरकार की तरफ से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी व हरदीप सिंह पुरी की तरह से जो कहा गया उससे देश के लोगों को सच्चाई का पता नहीं चला,उल्टे और भ्रम फैल गया।नितिन गड़करी ने ई-२० के आलोचकों को चुनौती देते हुए कहा कि वह किसी एक कार का नाम बताएं,जिसमें ई-२० का उपयोग करने के कारण कोई समस्या आई हो।उनका कहना था कि देश में ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है।उनका कहना था कि ई-२० के बारे में गलत बातें फैलाई जा रही है। पैसा देकर अभियान चलाया जा रहा है।केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने देश भर में उठ रहे सभी सवालों का खारिज करते हुए कहा कि ई-२० से उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है।पुरी ने कहा कि वाहन निर्माता कंपनियां और वाहन सर्विस सेंटर दोनो मानते हैं कि ई-२० के इस्तेमाल में कोई दिक्कत नहीं है।कुछ दिन बाद केंद्र सरकार की तरफ से यह साफ करने पर कि ई-२०ईंधन के प्रयोग से वाहन का माइलेज तीन से पांच प्रतिशत तक कम हो सकता है।यह तो साफ हो जाता है कि ई-२० के मामले में सरकार ने सच्चाई को सामने लाने में देरी की और देश में कुछ लोगों को अफवाह फैलाने का मौका मिला है तो इसके लिए मंत्री व केंद्र सरकार भी दोषी हैं। जब सरकार के किसी कदम से देश में गलत बाते फैलाई जाती है,अफवाह फैलाई जाती हैं तो सच जनता को बताना सरकार का काम होता है। सरकार को सच बताने में देरी के कारण देश में अफवाह फैलती है और सरकार के देशहित व जनहित मे उठाए जा रहे कदम का विरोध शुरू हो जाता है कि सरकार गलत कर रही है। सरकार बाद मे बता रही है कि वाहन का माइलेज तीन से पांच प्रतिशत कम हो सकता है,सरकार बाद मे बता रही है कि सरकार शुध्द पेट्रोल या ई-१० पर लौटने वाली नही है।सरकार बाद में बता रही है कि पिछले कई सालों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको ने एथेनाल व संबंधित बुनियादी ढांचे में लगभग एक लाख करोड़ रुपए प्रतिवर्ष निवेश किया है।इसके तहत एथेनाल संयंत्र,डिस्टलरी,भंडारण सुविधाएं,लाजिस्टिक नेटवर्क बनाए गए हैं

।यह सब सरकार पहले बता सकती थी इससे सरकार की आलोचना नहीं होती और लोगों को झूठ फैलाने का मौका नहीं मिलता। सरकार अब बता रही है कि ई-२० क्यों जरूरी है।सरकार पहले भी बता सकती थी कि विदेशी तेल पर निर्भरता घटाने,किसानों की आय बढ़ाने व देश में प्रदूषण कम करने के लिए ई-२० का उपयोग जरूरी है। यह सच है कि इससे कुछ नुकसान हैं लेकिन फायदे उससे बड़े हैं।यह सच है कि इससे देश को फायदा है लेकिन लोगों को नुकसान भी तो होगा। लोगों का कहना है कि माइलेज घटने से, वाहन का मेंटेनेंस खर्च बढ़ने से उनका वाहन का खर्च बढ़ता है। यानी ऊर्जा सुरक्षा,पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आय तीन लक्ष्यों को सरकार ने एक साथ साधने का काम किया है, इससे देश को फायदा होगा लेकिन वाहन मालिको तो नुकसान होगा। उनके फायदे के विषय में सरकार ने सोचा नहीं है।सरकार को उनके फायदे के बारे में सोचना चाहिए।,सीधी सी बात है कि ई-२० का उपयोग करने से वाहन का माइलेज कम होता है तो ईंधन पहले से ज्यादा लगेगा यानी ईंधन का खर्च के साथ ही वाहन के रखरखाव का खर्च भी तो बढता है।

कुछ लोगों का कहना है कि ई-२० सामान्य पेट्रोल से सस्ता मिलता तो भी वाहन मालिकों के लिए फायदे की बात होती।ई-२० तो सामान्य पेट्रोल में महंगा है, कई बार जब अंतराष्ट्रीय बाजार मे कच्चा तेल सस्ता होता है तो तब एथेनाल की लागत पेट्रोल से और ज्यादा हो जाएगी। यानी ई-२० कोई सस्ता ईंधन तो नही है। ई-२० एक राष्ट्रीय नीति है,देश के फायदे के लिए है तो इसका नुकसान वाहन मालिकों को अकेले क्यो उठाना चाहिए।सरकार कर संरचना,मूल्य निर्धारण व अन्य प्रोत्साहनों के जरिए इस नुकसान को कम कर सकती है।सरकार जनता को सच बताएगी तो जनता उसे स्वीकार करेगी और सरकार का सहयोग भी करेगी। इसके लिए जरूरी है कि सरकार कोई भी फैसला करती है तो वह सच जनता के सामने रखे।कोई भी बड़ा सुधार तब ही सफल होता है जब उसका उद्देश्य अच्छा हो और उसे जनता की स्वीकृति प्राप्त हो। देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है तो यह अच्छी बात है. इसकी सफलता के लिए जनता का विश्वास भी जरूरी है।जनता के सहयोग बिना कोई सुधार सफल नहीं होता है इसलिए सरकार को जनता का सहयोग पहले प्राप्त करना चाहिए।उसका भरोसा पहले जीतना चाहिए।

**विदेश**

# साम्राज्यवाद के विरोध में ईरान का प्रतीक: 'बंद मुट्ठी'

**तनवीर जाफ़री**



ईरानी सुप्रीम लीडर शहीद आयतुल्लाह ख़ामनेई की पिछले दिनों 4 से 9 जुलाई के मध्य हुई विश्व की सबसे बड़ी अंत्येष्टि को दुनिया ने देखा। लगभग एक सप्ताह तक चले अंत्येष्टि के इस आयोजन में ईरान व इराक़ में लगभग दो हज़ार किलोमीटर की शवयात्रा निकाली गयी, करोड़ों की भीड़ को विभाजित करने के लिये तेहरान साहित कई प्रमुख शहरों में नमाज़-ए-जनाज़ा पढ़ाई गयी। यह ऐतिहासिक जनसैलाब न केवल अमेरिका इस्राईल के मिसाईल हमले में शहीद अपने रहबर व उनके शहीद परिजनों को रोते बिलखते हुये श्रद्धांजलि दे रहा था बल्कि भारी ग़ुस्से का भी इज़हार कर रहा था। लाखों लोग बदले का प्रतीक लाल परचम उठाये हुये थे जबकि सैकड़ों बैनर पोस्टर पर अंग्रेज़ी में 'किल ट्रंप' लिखकर अमेरिका को ईरानियों का सीधा सन्देश भी दिया गया था। ग़म और ग़ुस्से के संदेशों से भरे इन्हीं परचमों,पोस्टर्स व बैनर्स के बीच एक 'विशेष प्रतीक' ने भी पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। यह था 'बंद व बुलंद मुट्ठी ' का प्रतीक। ख़बर है कि शहादत के वक़्त भी उनकी मुट्ठी बंधी हुई थी। दरअसल बंद मुट्ठी का अर्थ आम तौर पर प्रतिरोध, एकजुटता, और संघर्ष को जारी रखने का संकेत होता है। आयतुल्लाह ख़ामनेई की शहादत के संदर्भ में इसे उनके समर्थकों व राजनीतिक व धार्मिक पक्षों की तरफ़ से यह संदेश माना गया कि वे उनकी विरासत, उनके विचार और ईरान की मौजूदा सत्ता-रचना के साथ खड़े हैं। इतिहास गवाह है कि 'बंद मुट्ठी' दुनिया भर में पहले भी कई वैश्विक आंदोलनों में ख़ासकर साम्राज्यवादी शक्तियों के विरोध और दृढ़ता का प्रतीक रही है। इस प्रतीक को केवल शोक का ही नहीं, बल्कि "हम पीछे नहीं हटेंगे" हम डटे रहेंगे व हमारा संकल्प दृढ़ है,हम संगठित हैं जैसे राजनीतिक संदेशों के रूप में भी समझा जाता है। इसी तरह ख़ामनेई की शहादत के बाद जो पोस्टर लगाए गए, उनमें बंद मुट्ठी को उनकी सत्ता, विचारधारा और समर्थक नेटवर्क की निरंतरता के प्रतीक की तरह इस्तेमाल किया गया। इसका आशय यह भी हो सकता है कि उनके अनुयायी इसे केवल मृत्यु नहीं, बल्कि संघर्ष और प्रतिरोध के नए चरण की शुरुआत मान रहे हैं। वैसे भी दास्तान-ए-करबला से प्रेरणा लेने वाली शिया क़ौम में राजनीति और प्रतीकों में शोक, प्रतिशोध और न्याय की भाषा बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। इसलिए ऐसी छवियाँ भावनात्मक रूप से यह भी कहती हैं कि समुदाय अपने नेता की "शहादत" या मृत्यु को निजी दुख के साथ-साथ सामूहिक संकल्प में बदल रहा है। बंद मुट्ठी का मतलब यह भी है कि हम शोक में तो ज़रूर हैं लेकिन हम कमज़ोर नहीं हैं और हम विरोध का अपना रास्ता भी जारी रखेंगे। बंद मुट्ठी का प्रतीक यह भी दर्शाता है कि हम कमज़ोर, बिखरे हुये या नेतृत्व-हीन नहीं हैं बल्कि हमारा संगठन, विचारधारा और सामूहिक अनुशासन अभी भी मज़बूत है। पोस्टर और प्रतीक केवल तर्क से नहीं, भावना से भी काम करते हैं। बंद मुट्ठी, शोक को क्रोध, स्मृति और प्रतिशोध की राजनीति में बदल देती है, जिससे समर्थकों में एक सामूहिक पहचान और "हम बनाम वे" की भावना मज़बूत होती है। ऐसे पोस्टर आंतरिक सत्ता-संघर्ष में भी काम आते हैं, क्योंकि वे उत्तराधिकार या नेतृत्व-रिक्ति के समय समर्थकों को एक धुरी के चारों ओर इकट्ठा करते हैं। इससे जनता को यह संदेश जाता है कि सत्ता या व्यवस्था अभी भी नियंत्रण में है और बिखराव नहीं हुआ। आम तौर पर ऐसे प्रतीक तीन स्तरों पर अपना व्यापक प्रभाव छोड़ते हैं। एक तो सड़क पर समर्थकों का मनोबल बढ़ाने में,दूसरा नेतृत्व की वैधता दिखाने और तीसरे अपने विरोधियों को यह संकेत देने में कि संघर्ष वैचारिक रूप से जारी रहेगा। इसलिए इसे केवल एक चित्र नहीं, बल्कि राजनीतिक संचार की रणनीति समझना चाहिए। साथ ही बाहरी दुनिया के लिए भी यह प्रतीक एक तरह की चेतावनी है कि ईरान-समर्थक धड़ा किसी भी स्वयंभू महाशक्ति के दबाव में झुकने वाला नहीं है। ईरान में शहीद ख़ामनेई की अंत्येष्टि में करोड़ों शोकाकुल लोगों के बीच इस तरह के संकेत का पोस्टर बैनर्स में नज़र आना साथ ही बार बार उपस्थित करोड़ों लोगों द्वारा ग़ुस्से में यही प्रतीक बनाकर और बुलंद कर व अमेरिका, इज़राइल के विरुद्ध गगनचुंबी नारे लगाकर प्रतिद्वंद्वियों को सीधा संदेश दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व उनके ख़ास सहयोगी देश इस्राईल के साम्राज्वादी इरादों को दुनिया देख ही रही है। ग़ज़ा, फ़िलिस्तीन, लेबनॉन, सीरिया, यमन, ईरान,इराक़,वेनेज़ुएला आदि अनेक देशों को बर्बाद करने में अमेरिका इस्राईल ने कोई कसर बाक़ी नहीं राखी। जब चाहे जिस देश को चाहें धमकियाँ देते रहते हैं। यहाँ तक की देश पर क़ब्ज़ा करने की भी धमकी दे बैठते हैं। यह साम्राज्यवादी देश, दूसरे देशों की धन सम्पदाओं,प्राकृतिक संसाधनों यहाँ तक कि उनपर बलात क़ब्ज़ा जमाकर उनकी संप्रभुता से खिलवाड़ करने की सोच रखते हैं। और अपने इन नापाक इरादों को पूरे करने के लिये बांटो और राज करो,पड़ोसी देशों में भय और अविश्वास पैदा करने जैसे घिनौने खेल खेलते हैं और इसी की आड़ में अपने हथियार बेचते हैं। दुनिया के तमाम देश इनकी ताक़त की वजह से इनसे सीधे टकराव नहीं चाहते। परन्तु ईरान ने विश्व इतिहास में अब तक के इस मिथक को मिटा दिया है कि इन साम्राज्यवादी देशों का मुक़ाबला नहीं किया जा सकता। सैन्य ताक़त से लेकर राजनैतिक व कूटनीतिक सभी क्षेत्रों में स्वयंभू सर्वशक्तिमान अमेरिका,इस्राईल व इनका साथ देने वाले उसके सभी सहयोगियों को दिखा दिया कि सच्चाई के रास्ते पर चलते हुये 'बंद मुट्ठी ' की ताक़त दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश को भी घुटनों पर ला सकती है।और अब दुनिया यह स्वीकार करने लगी है कि विश्व व्यवस्था अब सम्रज्य्वादी अमेरिका के इशारों पर नहीं चलने वाली। ऐसे में सवाल यहउठता है कि क्या अब ख़ामनेई की 'बंद मुट्ठी' साम्राज्वाद के विरोध में ईरान का नया प्रतीक बनेगी ?

## सू- दोकू क्र.097

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें ९वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.096 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -097

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 096 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

# दलित राजनीति की नई जंग, आमने-सामने मायावती और चंद्रशेखर

**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में दलित नेतृत्व को लेकर जो बहस लंबे समय से भीतर ही भीतर चल रही थी, वह अब खुलकर सामने आ गई है। मेरठ की दलित छात्रा ललिता गौतम हत्याकांड के बाद आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद के आंदोलन और उस पर बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती की तीखी प्रतिक्रिया ने इस बहस को नई दिशा दे दी है। मायावती ने बिना नाम लिए ऐसे आंदोलनों को 'मगरमच्छ के आंसू' और 'संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ' से जोड़ते हुए दलित समाज को सड़क की बजाय संविधान और न्यायपालिका के रास्ते पर चलने की सलाह दी। इसके जवाब में चंद्रशेखर ने कहा कि जब समाज पर अत्याचार हो रहा हो, तो केवल अदालतों का इंतजार करना पर्याप्त नहीं है। यह विवाद केवल दो नेताओं की बयानबाजी नहीं, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश की दलित राजनीति में नेतृत्व और रणनीति की नई लड़ाई का संकेत है।

मायावती का राजनीतिक दर्शन हमेशा सत्ता के जरिए सामाजिक परिवर्तन का रहा है। कांशीराम ने जिस 'मास्टर चाबी' का सिद्धांत दिया था, उसी को आगे बढ़ाते हुए मायावती लगातार कहती रही हैं कि सत्ता हासिल किए बिना बहुजन समाज का स्थायी उत्थान संभव नहीं है। यही वजह है कि उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि बसपा सड़क जाम, हिंसक प्रदर्शन और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी राजनीति में विश्वास नहीं करती। उनका कहना है कि गरीब, मजदूर और बेरोजगार नौजवान यदि आंदोलनों के दौरान मुकदमों में फंसेंगे, तो उनका भविष्य बर्बाद होगा और इसका सबसे ज्यादा नुकसान बहुजन समाज को ही उठाना पड़ेगा। यह संदेश केवल वर्तमान आंदोलन तक सीमित नहीं था, बल्कि 2027 के चुनाव से पहले बसपा की पूरी राजनीतिक रणनीति का संकेत भी माना जा रहा है। दिलचस्प यह है कि मायावती के इस बयान का समर्थन बीजेपी के वरिष्ठ नेता संगीत सोम ने भी किया। उन्होंने कहा कि समाज को दलालों और उकसाने वालों से बचना चाहिए। दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी के खिलाफ भी उन्होंने तीखा हमला बोला। इस समर्थन ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी, क्योंकि लंबे समय से विपक्ष मायावती पर बीजेपी के प्रति अपेक्षाकृत नरम रुख अपनाने का आरोप लगाता रहा है। हालांकि, बसपा लगातार इन आरोपों को खारिज करती रही है और खुद को सभी दलों से समान दूरी रखने वाली पार्टी बताती है। अगर पिछले डेढ़ दशक का राजनीतिक इतिहास देखें, तो तस्वीर और भी रोचक दिखाई देती है। वर्ष 2007 में मायावती ने 'सर्वजन' सामाजिक इंजीनियरिंग के सहारे उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यीय विधानसभा में 206 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। यह बसपा का स्वर्णकाल माना जाता है। लेकिन 2012 में पार्टी सत्ता से बाहर हो गई। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा पहली बार शून्य सीट पर पहुंची। 2017 विधानसभा चुनाव में पार्टी केवल 19 सीटों तक सिमट गई। 2019 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके बसपा ने 10 लोकसभा सीटें जरूर जीतीं, लेकिन गठबंधन ज्यादा समय नहीं चला। 2022 विधानसभा चुनाव में बसपा सिर्फ एक सीट जीत सकी और 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी फिर शून्य पर पहुंच गई। चुनावी आंकड़ों के अनुसार, 2007 में करीब 30 प्रतिशत वोट पाने वाली बसपा का वोट प्रतिशत अब लगभग 10 से 13 प्रतिशत के बीच सिमट चुका है। यह गिरावट दलित राजनीति में बदलते समीकरणों की सबसे बड़ी कहानी कहती है।

यहीं से चंद्रशेखर आजाद की राजनीति का विस्तार शुरू होता है। 2017 के सहारनपुर शब्बीरपुर हिंसा के बाद भीम आर्मी के जरिए उन्होंने दलित युवाओं के बीच अपनी अलग पहचान बनाई। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जेल जाना, फिर बाहर आकर सीएए-एनआरसी विरोध प्रदर्शन, दलित अत्याचार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर लगातार सक्रिय रहना उनकी राजनीति का आधार बना। 2020 में आजाद समाज पार्टी का गठन और 2024 में नगीना लोकसभा सीट से अकेले चुनाव जीतना इस बात का संकेत था कि दलित राजनीति में अब नया नेतृत्व भी जगह बना रहा है। खास बात यह रही कि उन्होंने यह जीत किसी बड़े गठबंधन के बिना हासिल की। इसके बाद से वह उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार, पंजाब और दूसरे राज्यों में भी संगठन विस्तार की कोशिश कर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दलित वोट अब पहले जैसा एकमुश्त नहीं रहा। जाटव समुदाय का बड़ा हिस्सा आज भी बसपा के साथ जुड़ा माना जाता है, लेकिन गैर-जाटव दलितों में पिछले एक दशक में बड़ा बदलाव आया है। एक हिस्सा बीजेपी की कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक प्रतिनिधित्व के कारण उसके साथ गया, जबकि दूसरा हिस्सा स्थानीय आंदोलनों और चंद्रशेखर जैसे नए नेताओं की ओर आकर्षित हुआ। यही कारण है कि दलित राजनीति अब केवल बसपा बनाम बाकी दल नहीं रह गई, बल्कि उसके भीतर भी प्रतिनिधित्व की नई लड़ाई शुरू हो गई है।

मायावती इस बदलाव को अच्छी तरह समझती हैं। यही वजह है कि पिछले कुछ महीनों में उन्होंने लगातार संगठन को मजबूत करने, अकेले चुनाव लड़ने और कार्यकर्ताओं को आंदोलन की बजाय बूथ स्तर पर जुटने का संदेश दिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि बसपा किसी भी दल से गठबंधन नहीं करेगी और 2027 का चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। पार्टी लगातार 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' और कानून-व्यवस्था को अपनी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी बताकर पुराने सामाजिक समीकरणों को फिर से जीवित करने की कोशिश कर रही है। दूसरी ओर, चंद्रशेखर आजाद की राजनीति पूरी तरह आंदोलन आधारित दिखाई देती है। उनका तर्क है कि केवल चुनाव जीतने से सामाजिक न्याय नहीं मिलेगा, बल्कि सड़क पर संघर्ष भी जरूरी है। यही वैचारिक अंतर आज दोनों नेताओं के बीच सबसे बड़ा राजनीतिक फर्क बन गया है। एक तरफ मायावती संविधान, अदालत और सत्ता की राजनीति पर भरोसा जताती हैं, तो दूसरी तरफ चंद्रशेखर संविधान के साथ-साथ जन आंदोलन को भी बराबर जरूरी मानते हैं। ललिता गौतम हत्याकांड के बाद दोनों नेताओं की प्रतिक्रियाओं ने इस अंतर को पहले से कहीं ज्यादा स्पष्ट कर दिया है।




अब सबसे बड़ा सवाल 2027 को लेकर है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं, लेकिन राजनीतिक जमीन तैयार होनी शुरू हो चुकी है। बीजेपी लगातार तीसरी बार सत्ता बचाने की तैयारी में है, समाजवादी पार्टी 2024 की लोकसभा सफलता को विधानसभा में दोहराना चाहती है और कांग्रेस भी संगठन विस्तार में जुटी है। ऐसे में दलित वोट किस दिशा में जाएगा, यह चुनाव का निर्णायक कारक बन सकता है। यदि बसपा अपना पारंपरिक वोट बैंक बचाने में सफल रहती है, तो मुकाबला त्रिकोणीय बन सकता है। लेकिन यदि चंद्रशेखर गैर-जाटव दलित युवाओं और आंदोलनकारी राजनीति को और मजबूत आधार दे देते हैं, तो बसपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती विपक्ष नहीं, बल्कि अपने ही सामाजिक आधार के भीतर से खड़ी होती दिखाई दे सकती है। यानी, मौजूदा विवाद केवल एक बयान या एक आंदोलन का नहीं है। यह उस बड़े राजनीतिक परिवर्तन का संकेत है, जिसमें उत्तर प्रदेश की दलित राजनीति पहली बार दो अलग-अलग रास्तों के बीच खड़ी दिखाई दे रही है एक रास्ता मायावती का, जो सत्ता को परिवर्तन का माध्यम मानता है, और दूसरा चंद्रशेखर आजाद का, जो सड़क के संघर्ष को राजनीतिक ताकत में बदलना चाहता है। 2027 का चुनाव शायद यह तय करेगा कि बहुजन राजनीति की अगली पीढ़ी किस रास्ते पर आगे बढ़ेगी।

**व्यंग्य**

# गिरगिट! तुम बेवजह बदनाम हो

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

एक पेड़ की झुकी हुई डाल पर बैठा बाघा गिरगिट बड़ी देर से सड़क किनारे खड़े इंसानों की महफ़िल देख रहा था। उसे अपनी पुश्तैनी रगों पर, अपने खानदानी हुनर पर बड़ा नाज़ था। जब चाहा, धानी पत्तों के बीच पन्ना बन गया; जब चाहा, सूखी टहनियों पर बैठ कत्थई चोला ओढ़ लिया। पर आज इंसानों की यह चुनावी और सामाजिक बैठकी देखकर उसकी पूंछ शर्म से दोहरे घेरे में मुड़ गई। उसने एक गहरी सांस ली, अपनी बाईं आंख को नब्बे डिग्री उत्तर और दाईं आंख को एक सौ अस्सी डिग्री दक्षिण में घुमाया और सोचने लगा कि विधाता ने उसे रंग बदलने की जो कला बख्शी थी, इंसानों ने तो उसका पूरा का पूरा कॉरपोरेट साम्राज्य ही खड़ा कर दिया है। बाघा ने हवा में उड़ते एक झींगुर को लपकने के लिए जीभ निकाली, पर फिर उसे लगा कि आज भोजन करने से ज़्यादा ज़रूरी आत्मनिरीक्षण है। वह समझ गया कि गिरगिट तो बस एक बदनाम विधा है, असली उस्ताद तो दो पैरों पर चलने वाला यह जीव है। गिरगिट तो केवल त्वचा का रंग बदलता है, इंसान तो अंतरात्मा का भूगोल ही बदल देता है। गिरगिट जब रंग बदलता है, तो उसका मक़सद बहुत सीधा और पाकीज़ा होता है, या तो पेट की आग बुझाना या फिर किसी शिकारी की बाज़ नज़रों से अपनी खाल बचाना। इसमें कोई मक्कारी नहीं, कोई कपट नहीं, विशुद्ध आत्मरक्षा का प्राकृतिक नियम है। इसके विपरीत, इंसान जब रंग बदलता है, तो वह किसी को गर्त में गिराने, किसी की जेब काटने या फिर सत्ता की सीढ़ी चढ़ने के लिए बदलता है। गिरगिट का रंग बदलना एक कला है, इंसान का रंग बदलना एक सोची-समझी साज़िश है। पेड़ के नीचे बैठे नेताओं और चेलों की बातचीत बाघा के कानों में पिघले सीसे की तरह उतर रही थी। एक कुर्ताधारी भाईसाहब कल तक जिस पार्टी को देश का कलंक कह रहे थे, आज उसी का पटका पहनकर उसे राष्ट्र का तारणहार बता रहे थे। बाघा ने अपनी गर्दन ऊपर-नीचे हिलाकर एक ठंडी आह भरी। उसने सोचा, हम गिरगिट कितने सीधे हैं! हम कभी इतिहास नहीं बदलते, कभी वादे नहीं तोड़ते, और कभी किसी दूसरे गिरगिट की पीठ में छुरा नहीं घोंपते। हम जब हरे से लाल होते हैं, तो पूरी ईमानदारी से होते हैं, हमारी नीयत में कोई खोट नहीं होता। इंसान तो महफ़िल देखकर अपनी ज़बान, अपनी वफ़ादारी और अपने जमीर का रंग बदल लेता है। उसकी नज़रों का पानी कब तेज़ाब बन जाए और कब गंगाजल, इसका अंदाज़ा तो यमराज भी नहीं लगा सकते। बाघा को अपनी बिरादरी के वे दिव्य गुण याद आने लगे जो उन्हें इंसान से मीलों आगे, एक ऊंचे पायदान पर खड़ा करते थे। गिरगिट कभी अपनी पहचान का झूठा ढोल नहीं पीटता, वह जैसा है, वैसा ही दिखता है। वह प्रकृति के साथ एकाकार होकर जीता है, जबकि इंसान प्रकृति को नोचकर कंक्रीट के जंगल खड़े करता है और फिर वहां बैठकर पर्यावरण पर भाषण देता है। गिरगिट की आंखों में कोई पाखंड नहीं होता, उसकी दोनों आंखें अलग-अलग दिशाओं में घूमकर सच को तलाशती हैं, जबकि इंसान की आंखें सामने देखते हुए भी बगल वाले की लंगोटी खींचने का जुगाड़ लगाती हैं। गिरगिट कभी गिरगिट का हक नहीं मारता, वह किसी दूसरे की डाल पर कब्ज़ा करने के लिए अदालतों के चक्कर नहीं काटता। उसमें न तो पैसों की हवस है, न ऊंचे पदों की भूख, और न ही तिजोरियां भरने की बीमारी। वह तो बस एक सूखी पत्ती पर बैठकर भी शहंशाहों की तरह मुस्कुरा सकता है। इंसान के भीतर जो रंग बदलने का वायरस है, वह इतना संक्रामक है कि वह अपनों को भी नहीं बख्शता। सुबह जो भाई पैर छूकर आशीर्वाद ले जाता है, शाम को वही जायदाद के कागज़ात पर अंगूठा लगवा लेता है। गिरगिट में यह गद्दारी कहां! वह तो दुश्मनी भी करता है तो डंके की चोट पर, अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधी रखकर। वह कभी गिरगिट-अधिकार आयोग नहीं बनाता, न ही कभी भाई-भतीजावाद के जाल में फंसता है। उसकी ज़बान भले ही लंबी हो, पर वह किसी की चाटुकारिता में नहीं घिसती, वह केवल अपने भोजन के लिए खुलती है। इंसान की ज़बान तो तलवे चाटने से लेकर ज़हर उगलने तक के सारे सुर-ताल जानती है। सूरज ढलने को था और बाघा की डाल पर धूप का रंग तांबे जैसा होने लगा था। उसने अपने शरीर को थोड़ा सा सिकोड़ा और एक झटके में अपना रंग हूबहू उस तांबे जैसा कर लिया। उसने महसूस किया कि उसकी यह कला कितनी पवित्र है, इसमें कोई मिलावट नहीं है। इंसान तो चेहरे पर मुखौटा लगाता है, मुखौटे पर रंग लगाता है, और फिर उस रंग के पीछे एक और स्याह चेहरा छुपाकर घूमता है। गिरगिट कभी डिप्रेशन का शिकार नहीं होता, क्योंकि वह जैसा है, खुद को वैसा ही स्वीकार करता है। वह कभी नकली मुस्कान नहीं बिखेरता, न ही कभी अपनी नाकामी का ठीकरा किसी दूसरे के सिर फोड़ता है। वह शांत है, संयमित है और अपनी सीमाओं में रहकर भी ब्रह्मांड के सबसे बड़े सच को जीता है।नीचे सड़क पर अब महफ़िल बिखर चुकी थी और लोग अपनी-अपनी गाड़ियों में बैठकर अपने-अपने घरौंदों की तरफ निकल रहे थे, जहां वे रात को एक नया रंग ओढ़कर सोएंगे और सुबह एक नया रंग लगाकर जागेंगे। बाघा ने अपनी दुम को एक बार फिर हवा में लहराया, मानो वह इंसानी सभ्यता के इस खोखलेपन पर ज़ोरदार तमाचा मार रहा हो। उसने तय किया कि वह कभी इंसान बनने की दुआ नहीं मांगेगा। वह गिरगिट है, यही उसकी सबसे बड़ी नेमत है। उसने आसमान की तरफ देखा, एक बार ज़ोर से अपनी गर्दन हिलाकर इंसानी चालाकियों को धता बताई और पत्तों के झुरमुट में इस तरह विलीन हो गया जैसे उसका कोई अस्तित्व ही न हो, मगर उसका वह मौन करतब हवा में तैरता रहा, जो चीख-चीख कर कह रहा था कि रंग बदलने के इस खेल में गिरगिट आज भी इंसान के सामने महज़ एक नौसिखिया बच्चा है।



## एक नजर

### रायपुर-जगदलपुर एनएच-30 पर ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा,मौके पर हुई मौत

**जगदलपुर, 12 जुलाई।** जिले के बस्तर थाना क्षेत्र अंतर्गत रायपुर-जगदलपुर एनएच-30 पर देउरगांव के पास बीती देर रात्री करीब 11:40 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई है। हालांकि, मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसा देउरगांव के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि युवक बाइक से कहीं जा रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से आ ही ट्रक ने युवक को चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा और लोगों की भीड़ जुट गई थी। वहीं, इसकी सूचना मिलते ही बस्तर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था बहाल कराई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ट्रक के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच चल रही है।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया कोतवाली थाना में ई-मालखाना का शुभारंभ

**कांकेर, 12 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश के लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा खेलकूद व युवा कल्याण मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरूण साव ने आज जिला प्रवास के दौरान सिटी कोतवाली थाने में ई-मालखाना का शुभारंभ किया, साथ ही जिला पुलिस को प्राप्त एक नवीन बस सहित चार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उक्त ई-मालखाना क्यूआर कोड आधारित प्रदेश का पहला थाना है, जहां डिजिटल टैउकिंग प्रबंधन प्रणाली को पारदर्शी, आधुनिकीकरण और सुव्यवस्थित ढंग से सरलीकृत किया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव आज अपरान्ह सिटी कोतवाली थाना पहुंचकर ई-मालखाना का शुभारंभ किया। साथ ही जब्तशुदा सामानों की ऑनलाइन टैउकिंग प्रक्रिया की जानकारी ली। जिला पुलिस द्वारा की गई उक्त पहल की सराहना करते हुए इसे बेहतर व्यवस्था निरूपित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री निखिल राखेचा ने बताया कि ई-मालखाना प्रणाली एक आधुनिक डिजिटल प्रबंधन व्यवस्था है, जिसके माध्यम से अपराध के दौरान विभिन्न प्रकरणों में जब्त की गई संपत्तियों एवं दस्तावेजों का सुरक्षित, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रिकॉर्ड रखा जाएगा। इस प्रणाली का उद्देश्य जब्त संपत्ति के रखरखाव को अधिक सुरक्षित, सुगम एवं जवाबदेह बनाना है, ताकि विवेचना एवं न्यायालयीन प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सामग्री को शीघ्रता से खोजकर प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि ई-मालखाना में जब्त किए गए वाहन, मोबाइल फेन, नकदी, हथियार, आभूषण, एनडीपीएस प्रकरणों से संबंधित सामग्री तथा अन्य केस प्रॉपर्टी का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाता है, जिससे प्रत्येक वस्तु का सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित डेटा उपलब्ध रहता है। उल्लेखनीय है कि जिला पुलिस कांकेर द्वारा अपराध के दौरान जब्तशुदा हथियार, उपकरण व सामान का रखरखाव की प्रबंधन प्रणाली को पारदर्शी, आधुनिकीकृत और सुव्यवस्थित बनाने के लिए ई मालखाना का आगाज़ किया गया है, जिसमें संपूर्ण रिकॉर्ड ऑनलाइन किया जा रहा है। प्रत्येक बॉक्स के लिए क्यू आर कोड जनरेट किया गया है। बॉक्स में चस्पा क्यूआर कोड को स्कैन करते ही अपराध प्रकरण का विवरण, बॉक्स में बंद जब्त सामान की जानकारी संख्या और तिथि सहित मिल जाती है। साथ ही जब्त सामान या उपकरण जैसे मोबाइल, नकदी, हथियार, आभूषण, मादक द्रव्य, प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट्स आदि का डिजिटल रिकॉर्ड क्यू आर कोड की स्कैनिंग से आसानी से उपलब्ध हो जाता है। इससे डिजिटल अभिलेख और पेपरलेस वर्क भी आसान तरीके से मुहैया हो जाएगा। बताया गया कि प्रदेश में क्यूआर कोड के जरिए मालखाने का डिजिटाइजेशन का कार्य कांकेर पुलिस द्वारा प्रारंभ किया गया है। प्रदेश के थानों में अब तक बार कोड स्कैनर की सुविधा थी, लेकिन क्यूआर कोड से डिजिटल मालखाना प्रबंधन प्रणाली पहली बार लागू की गई है। इस दौरान प्रभारी मंत्री श्री साव द्वारा उत्कृष्ट सेवा देने वाले पुलिस जवानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# किरंदुल में ठेकेदार संघ के चुनाव को लेकर बढ़ा विवाद, मतदान अधिकार पर उठे सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बैलाडीला व्यापारी कल्याण संघ के सचिव साहिल छालीवाल

**किरंदुल 12 जुलाई।** औद्योगिक नगर किरंदुल में ठेकेदार संघ के चुनाव को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। मतदान अधिकार के मुद्दे पर व्यापारी वर्ग और ठेकेदारों के बीच तर्क-वितर्क अब नगर में चर्चा का प्रमुख विषय बन गया है। इस पूरे घटनाक्रम ने व्यापारिक संगठनों की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

बैलाडीला व्यापारी कल्याण संघ के सचिव साहिल छालीवाल (उर्फ राम) ने चेंबर के संरक्षकों एवं वरिष्ठजनों को संबोधित एक पत्र जारी कर मतदान अधिकार के मुद्दे पर अपना पक्ष रखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि जब चेंबर का गठन किया गया था, तब व्यापारी और ठेकेदार दोनों को एक ही व्यावसायिक परिवार मानते हुए समान सदस्यता और मतदान का अधिकार दिया गया था। ऐसे में यदि आज ठेकेदार संघ के चुनाव में व्यापारी सदस्यों को मतदान के अधिकार से वंचित किया जाता है, तो यह समानता और न्याय के सिद्धांत के विपरीत होगा।

**मुख्य बिंदु:**किरंदुल में ठेकेदार संघ के चुनाव को लेकर विवाद गहराया,मतदान अधिकार को लेकर व्यापारी वर्ग ने उठाए सवाल, चेंबर के पूर्व निर्णयों और समानता के सिद्धांत का दिया गया हवाला, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की मांग तेज

पत्र में यह भी आग्रह किया गया है कि यदि पूर्व में दोनों वर्गों को एक मंच पर समान अधिकारों के साथ जोड़ा गया था, तो उसी सिद्धांत का पालन वर्तमान चुनाव में भी किया जाना चाहिए। व्यापारी वर्ग का कहना है कि सभी सदस्यों के साथ समान व्यवहार ही संगठन की एकता और विश्वसनीयता को बनाए रख सकता है।

साहिल छालीवाल ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि यदि व्यापारी वर्ग को उचित मतदान अधिकार नहीं दिया गया, तो चेंबर की निष्पक्षता, एकता और अस्तित्व पर स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठेंगे। उन्होंने लोकतांत्रिक एवं संगठनात्मक स्तर पर उचित निर्णय लेने की बात भी कही है तथा संरक्षकों से शीघ्र निष्पक्ष निर्णय लेने का आग्रह किया है, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

इधर इस पूरे विवाद को लेकर नगर के व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में भी व्यापक चर्चा हो रही है। कई लोग निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं। हालांकि, इस संबंध में ठेकेदार संघ या चेंबर के पदाधिकारियों की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आना शेष है। अब सभी की निगाहें चेंबर के संरक्षकों और संबंधित पदाधिकारियों के निर्णय पर टिकी हैं। माना जा रहा है कि उनका फैसला न केवल वर्तमान चुनाव की दिशा तय करेगा, बल्कि भविष्य में व्यापारी और ठेकेदार संगठनों के आपसी संबंधों पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है।

# शहीद महेंद्र कर्मा पालिका बाजार' से नाम हटाने पर मचा बवाल

■ **मुख्यमंत्री की घोषणा को दरकिनार करने का आरोप**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**गीदम 12 जुलाई।** बस्तर के जननायक और 'बस्तर टाइगर' के नाम से विख्यात शहीद स्व. महेंद्र कर्मा के सम्मान में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा का गीदम नगर पंचायत में कथित तौर पर अपमान किए जाने का मामला गरमा गया है। गीदम में नवनिर्मित व्यावसायिक परिसर के नामकरण को लेकर प्रशासन पर गंभीर आरोप लग रहे हैं।

### क्या है पूरा मामला

बताया जा रहा है कि गीदम नगर में नेशनल हाईवे के किनारे लाखों की लागत से एक डबल स्टोरी व्यावसायिक परिसर तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस परिसर का नाम 'शहीद महेंद्र कर्मा पालिका बाजार' रखने की घोषणा की थी। पूर्व परिषद ने भी इस आशय का प्रस्ताव पारित किया था और दुकानों की नीलामी भी इसी नाम के तहत हुई थी। हालांकि, अब जब परिसर बनकर तैयार है और बोर्ड लगाया गया है, तो उस पर से शहीद का नाम गायब है और केवल 'पालिका बाजार' लिखा गया है।

### प्रभारी सीएमओ पर तानाशाही का आरोप

स्थानीय लोगों और प्रबुद्धजनों का आरोप है कि मूल रूप से लिपिक (ग्रेड-2) पद पर कार्यरत प्रभारी सीएमओ ने अपनी मनमानी दिखाते हुए शहीद के नाम को हटा दिया है। लोगों का कहना है कि यह न केवल मुख्यमंत्री की घोषणा का अपमान है, बल्कि शहीद महेंद्र कर्मा की शहादत और आदिवासी अस्मिता पर भी चोट है। प्रभारी अधिकारी की इस कार्यशैली को लेकर स्थानीय निवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

### राजनीतिक गलियारों में चुप्पी पर सवाल

हैरानी की बात यह है कि जिस स्थान से शहीद का नाम हटाया गया है, उसके ठीक बगल में जिला कांग्रेस अध्यक्ष का निवास स्थित है। अपनी ही पार्टी के दिग्गज आदिवासी नेता और शहीद के सम्मान के साथ हो रहे इस खिलवाड़ पर जिला अध्यक्ष की खामोशी अब चर्चा का विषय बन गई है। लोग इसे 'दीया तले अंधेरा' मान रहे हैं।

### कड़ी कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों ने जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि शहीद किसी दल के नहीं, बल्कि पूरे समाज की धरोहर होते हैं। उनके सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वाले जवाबदार अधिकारी पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## बस्तर जिले में मच्छरजनित मलेरिया के 444 और डेंगू के 23 मरीज मिले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 12 जुलाई।** बस्तर में मानसून के सक्रिय होते ही मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। इस वर्ष जनवरी से जून के बीच बस्तर जिले में मलेरिया के 444 और डेंगू के 23 मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने पूरे जिले में निगरानी बढ़ा दी है। आंकड़ों के अनुसार मलेरिया के सबसे अधिक मरीज दरभा और लोहंडीगुड़ा विकासखंडों से सामने आए हैं। जगदलपुर शहर में डेंगू के मामलों पर विशेष नजर रखी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार घर-घर पहुंचकर सर्वे कर रही हैं। बुखार से पीड़ित लोगों की पहचान कर तत्काल जांच की जा रही है। जरूरत पड़ने पर मलेरिया और डेंगू की स्क्रीनिंग कर मरीजों का उपचार शुरू किया जा रहा है। बीमारी को शुरुआती स्तर पर ही नियंत्रित किया जा सके। विभाग का मानना है कि समय पर जांच और उपचार संक्रमण की श्रृंखला तोड़ने का सबसे प्रभावी उपाय है।

बस्तर जिले में मिले 444 मलेरिया मरीजों में अधिक मामले दरभा, लोहंडीगुड़ा से हैं। वहीं जगदलपुर में डेंगू के 23 मरीज मिलने पर शहरी इलाके में निगरानी, फॉगिंग बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग इन इलाकों में अतिरिक्त टीमों के माध्यम से लगातार सर्वे कर रहा है। मरीजों की पहचान ही नहीं की जा रही, बल्कि बुखार पीड़ितों की जांच भी की जा रही है। मलेरिया और डेंगू की स्क्रीनिंग हो रही है। लार्वा सर्वे किया जा रहा है। मच्छरों के प्रजनन स्थलों का नष्टीकरण

### बस्तर के स्वास्थ्य के नाम पर 25 करोड़ का सीएसआर सहयोग

जगदलपुर। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चाँद ने डिमरापाल स्थित PPP मॉडल पर संचालित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को NMDC द्वारा दिए जा रहे प्रस्तावित 25 करोड़ वार्षिक सहयोग को स्वतंत्र मेडिकल, तकनीकी एवं वित्तीय अनुपालन ऑडिट से जोड़ने की मांग की है। नवनीत चाँद ने कहा कि बस्तर के स्वास्थ्य के नाम पर करोड़ों रुपये का सहयोग केवल फइल, प्रमाण-पत्र और भुगतान तक सीमित नहीं रह सकता। ष्टस्क्र राशि का परिणाम विशेषज्ञ डॉक्टरों की वास्तविक उपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण उपचार और मरीजों को बाहर रेफर किए जाने में कमी के रूप में दिखाई देना चाहिए। नवनीत चाँद ने कहा, ÷सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल होने के बावजूद कितने मरीज रायपुर, विशाखापट्टनम या हैदराबाद रेफर हुए और क्यों–इसका Referral Audit होना चाहिए। रियायती उपचार, शासन-निर्धारित दरों और आयुष्मान योजना की billing व्यवस्था की भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोर्चा अस्पताल बंद कराने या किसी संस्था को बिना जांच दोषी ठहराने के पक्ष में नहीं है।



## एक बच्ची की सफलता नहीं, बल्कि पूरे बस्तर की प्रतिभा और संस्कृति का है सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 12 जुलाई।** आईबीसी24 के लोकप्रिय डांस रियलिटी शो छत्तीसगढ़ी ठुमका में अपनी शानदार प्रतिभा के दम पर बस्तर की होनहार बेटी जेनिशा देवांगन ने टॉप-5 फइनलिस्ट में स्थान बनाकर पूरे बस्तर एवं छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। मात्र 8 वर्ष की जेनिशा ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में बेटी जेनिशा देवांगन व उनके माता पिता ने आत्मीय मुलाकात की इस अवसर पर सुशील मौर्य ने बेटू जेनिशा व उनके परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बस्तर की होनहार बेटी जेनिशा देवांगन का टॉप-5 फइनलिस्ट में स्थान यह केवल एक बच्ची की सफलता नहीं, बल्कि पूरे बस्तर की प्रतिभा और संस्कृति का सम्मान है। उन्होंने कहा कि यदि जेनिशा इस प्रतियोगिता की विजेता बनती हैं, तो यह पूरे बस्तर के लिए गर्व और सम्मान का विषय होगा।



सुशील मौर्य ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी का पूर्ण समर्थन और वोट बस्तर की बेटी जेनिशा देवांगन के साथ है। उन्होंने समस्त बस्तरवासियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं आम नागरिकों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में जेनिशा के पक्ष में मतदान करें तथा अपने परिवार, मित्रों और परिचितों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

न्होंने कहा कि बस्तर हमेशा से प्रतिभाओं की भूमि रही है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी बेटी का मनोबल बढ़ाएं और एकजुट होकर उसे विजयी बनाने में अपना योगदान दें। प्रत्येक वोट जेनिशा के सपनों को नई उड़ान देगा और बस्तर का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करेगा। सुशील मौर्य की अपील:÷आइए, पूरे बस्तर की ओर से जेनिशा को विजयी बनाने का संकल्प लें।÷हम सभी एकजुट होकर बस्तर की बेटी जेनिशा देवांगन को अधिक से अधिक वोट दें। आपका एक-एक वोट बस्तर का सम्मान बढ़ाएगा और हमारी बेटी के सपनों को साकार करेगा।

## स्टंटबाजी पड़ी महंगी, स्कॉर्पियो चालक पर 9 हजार का चालान

**बीजापुर 12 जुलाई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर बीजापुर पुलिस लगातार सघन जांच अभियान चला रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को स्टंट करते हुए वाहन चला रहे एक स्कॉर्पियो चालक के खिलाफमोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 9 हजार रुपये का चालान किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान जांच में पाया गया कि चालक ने वाहन के पंजीयन की शर्तों का उल्लंघन किया था। वह ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके अलावा वाहन में अनधिकृत सायरन और हूटर का उपयोग किया जा रहा था तथा शीशों पर प्रतिबंधित काली फिल्म लगी हुई थी। इन सभी उल्लंघनों के आधार पर पुलिस ने मोटरयान अधिनियम के तहत 9 हजार रुपये का चालान काटा।



जांच के दौरान एक अन्य वाहन में भी कई अनियमितताएं सामने आईं। वाहन पर पंजीयन क्रमांक अंकित नहीं था, प्रदूषण प्रमाण–पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया और शीशों पर प्रतिबंधित काली फिल्म लगी हुई थी। इस मामले में पुलिस ने 3,100 रुपये का चालान किया। इस प्रकार अभियान के दौरान दोनों वाहनों पर कुल 12,100 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। बीजापुर पुलिस ने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा स्टंटबाजी, अनधिकृत सायरन–हूटर और प्रतिबंधित काली फिल्म का उपयोग नहीं करने की अपील की है। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## बाल यौन शोषण के मामले में 1098 पर मिली सूचना पर हुई त्वरित कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 12 जुलाई।** कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट, सखी वन स्टॉप सेंटर बीजापुर द्वारा जिले में बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से स्कूलों, पंचायतों और समुदायों में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जागरूकता अभियानों का सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है।

जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रयासों से आमजन अब बच्चों के अधिकारों और उनके संरक्षण के प्रति अधिक सजग हुए हैं। इसी का असर है कि लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम - POCSO Act 2012 के अंतर्गत बच्चों के साथ हो रहे शोषण की सूचनाएं अब सीधे चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर प्राप्त हो रही हैं।

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाल ही में 1098 पर प्राप्त 2 सूचना पर जिला बाल संरक्षण इकाई और चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने तत्काल संज्ञान लिया। पीड़ित बालक/बालिका को त्वरित सहायता, परामर्श और सुरक्षा प्रदान करते हुए मामले में विभाग द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट (स्नद्बक्र) दर्ज कराई गई है। साथ ही कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए पीड़ित को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

हमारा उद्देश्य है कि जिले का कोई भी बच्चा शोषण का शिकार न हो और यदि ऐसा होता है तो उसे तुरंत न्याय मिले। 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 24×7 निःशुल्क सेवा है। किसी भी व्यक्ति को बच्चों के साथ दुर्व्यवहार की जानकारी मिले तो वह बिना डरे 1098 पर सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम या लापता बच्चों की जानकारी तुरंत 1098 पर दें। समय पर सूचना से बच्चों को बचाया जा सकता है और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है।

## किसानों,युवाओं और व्यापारियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जताई नाराजगी

**जगदलपुर, 12 जुलाई।** आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे कांग्रेस के मिशन गांव चलो अभियान के अंतर्गत आज जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य जी के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने नानगुर बाजार में किसानों, युवाओं, छोटे व्यापारियों एवं आम नागरिकों के साथ चाय पर चर्चा कर उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट, शिक्षा व्यवस्था और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार के प्रति गहरा असंतोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के समक्ष सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित अनेक समस्याएं रखीं। कांग्रेस नेताओं ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी प्रत्येक समस्या को गंभीरता से संबंधित विभागों एवं शासन-प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा तथा समाधान के लिए लगातार संघर्ष किया जाएगा। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य से चर्चा के दौरान आम नागरिकों ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम परिवारों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं से लेकर खाद्य सामग्री तक के बढ़ते दामों ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है।सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रही है। इस सरकार के द्वारा कई लोगों ने पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की नीति को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस विषय पर सरकार के प्रति लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।बिजली व्यवस्था को लेकर भी लोगों ने भारी नाराजगी जताई। क्षेत्रवासियों ने कहा कि एक ओर बिजली के बिल लगातार बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बार-बार बिजली गुल होने की समस्या से आम जनजीवन और किसानों की खेती प्रभावित हो रही है। लोगों का आरोप है कि बिजली व्यवस्था में सुधार के बजाय उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ाया जा रहा है।किसान खाद और बीज की अनुउपलब्धता की गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर खाद-बीज नहीं मिलने से खेती प्रभावित हो रही है।

# बस्तर गोंचा पर्व का नया रथ आकार लेने लगा, सभी तैयारी अंतिम चरण में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 12 जुलाई ।** बस्तर गोंचा पर्व की शुरूआत 29 जून देवस्नान पूर्णिमा चंदन जात्रा पूजा विधान के साथ प्रारंभ हो चुका है, भगवान जगन्नाथ स्वामी का अनसर काल 14 जुलाई तक जारी रहेगा इस दौरान भगवान के दर्शन नही होगे, 15 जुलाई को भगवान श्रीजगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद्र के दर्शन श्रीमंदिर के बाहर नेत्रोत्सव पूजा विधान के साथ श्रृद्धालू दर्शन कर सकेगे। श्रीगोंचा रथयात्रा पूजा विधान के लिए परंपरानुसार एक नए रथ का निर्माण का कार्य बस्तर के सिद्धहस्त कारीगरों के द्वारा 25 फीट ऊंची काष्ठ रथ आकार लेने लगा है, इसके साथ ही अन्य सभी तैयारी भी अंतिम चरण में है। नव निर्मित रथ में रथारूण होकर भगवान श्रीजगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी 16 जुलाई को श्रीगोंचा पूजा विधान के साथ ही जनकपुरी-गुडिचा मंदिर-सिरहासार भवन पंहुचेगे।



शताब्दियों से चली आ रही परम्परानुसार बस्तर गोंचा पर्व के नए रथ का निर्माण बेड़ाउमरगांव के सिद्धहस्त कारीगर हरदेव के नेतृत्व में 10 सदस्यों की टीम कर रही है। रथ निर्माण कर रहे कारीगर हरदेव के अनुसार समय पर रथ का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। हरदेव ने बताया कि बस्तर दशहरा के विशालकाय दुमंजिला रथ निर्माण एवं बस्तर गोंचा रथ का निर्माण भी उन्हीं के गांव के कारिगर करते हैं। यह भी ज्ञात हो कि रियासत कालीन बस्तर गोंचा पर्व अनवरत 619 वर्षो का एतिहासिक पहलू अपने में समेंटे हुए है। बस्तर गोंचा पर्व के अक्षुण परंपराओं का निर्वहन 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के ब्राह्मणों द्वारा किया जाता है।

360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष ईश्वर खंबारी ने बताया कि बस्तर गोंचा पर्व की तैयारी पूरे वर्ष जारी रहती है, भगवान जगन्नाथ के एक वर्ष के 12 माह में 13 पूजा विधान अनवरत चलते रहते हैं, जिसमें सबसे वृहद पूजा विधान बस्तर गोंचा पर्व में संपन्न किया जाता है। वर्तमान में 15 जुलाई को नेत्रोत्सव पूजा विधान एवं 16 जुलाई को श्रीगोंचा पूजा विधान की तैयारी जारी है। श्रीगोंचा पूजा विधान में नवनिर्मित गोंचा रथ सहित तीन रथों पर भगवान श्रीजगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के 22 विग्रहों को रथारुढ़ कर श्रीगोंचा रथयात्रा पूजा विधान के साथ भगवान जगन्नाथ स्वामी जनकपुरी-गुडिचा मंदिर-सिरहासार भवन पंहुचेगे जहां 09 दिनों तक श्रृद्धालू भगवान के पुण्य दर्शन लाभ प्राप्त करेंगे। इस दौरान परंपरानुसार विविध पूजा विधान व अनुष्ठान बस्तर गोंचा पर्व के कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होगें।

# अंतरराष्ट्रीय चंद्र मिशन के लिए महासमुंद की छात्रा रागनी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

■ विद्यालय परिवार ने किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता









**महासमुंद, 12 जुलाई।** महासमुंद जिले के लिए अत्यंत गर्व एवं गौरव का विषय है कि शासकीय आशीबाई गोलछा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महासमुंद की प्रतिभाशाली छात्रा कुमारी रागनी साहू का अंतरराष्ट्रीय चंद्र मिशन Mission ShakthiSAT के लिए National Finalist के रूप में चयन हुआ है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा प्रार्थना सभा के दौरान रागनी साहू का पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनका अभिनंदन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

प्राचार्य जी. आर. सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि रागनी की यह उपलब्धि केवल विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे महासमुंद जिले एवं छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भी अपनी मेहनत, लगन एवं वैज्ञानिक सोच के बल पर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान, नवाचार एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

मार्गदर्शक शिक्षक चंद्रशेखर मिथलेश ने बताया की रागनी साहू ने वर्ष 2025 में विद्यालय की अटल टिंकरिंग लैब (ATL) के माध्यम से Mission ShakthiSAT में अपना पंजीयन कराया था। चयन प्रक्रिया के दौरान उन्होंने लगभग 120 घंटे की ऑनलाइन प्रशिक्षण श्रृंखला के अंतर्गत 21 विस्तृत मॉड्यूल तथा 550 से अधिक स्पेस, सैटेलाइट, विज्ञान, नवाचार, इंजीनियरिंग एवं नेतृत्व आधारित लेसन सफलतापूर्वक पूर्ण किए। इसके पश्चात तकनीकी मूल्यांकन एवं राष्ट्रीय स्तर के साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने Mission ShakthiSAT National Finalist के रूप में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

Mission ShakthiSAT एक अंतरराष्ट्रीय चंद्र (Moon) सैटेलाइट मिशन है, जिसमें 108 देशों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। भारत के विभिन्न राज्यों से चयनित प्रतिभागियों में से केवल 20 राष्ट्रीय फाइनलिस्ट का चयन किया गया है। इस प्रतिष्ठित सूची में महासमुंद की छात्रा रागनी साहू का चयन पूरे जिले एवं छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत सम्मान एवं गौरव की बात है।

राष्ट्रीय फाइनलिस्ट के रूप में रागनी साहू 22 अगस्त से 31 अगस्त 2026 तक गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित 8 दिवसीय Mission ShakthiSAT National Workshop में भाग लेंगी। इस कार्यशाला का औपचारिक शुभारंभ 23 अगस्त-राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर किया जाएगा।

इस उपलब्धि पर जिला कलेक्टर विनय लंगेह, डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान एवं शाला विकास समिति, महेंद्र जैन, जिला शिक्षा अधिकारी बी. एल. देवांगन जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, वरिष्ठ व्याख्याता विमल कुमार मन्नडे, तोषण गिरि गोस्वामी, संजय कुमार मांझी, डॉ ज्योति किरण चंद्राकर आदि ने छात्रा रागनी साहू, विद्यालय के प्राचार्य जी. आर. सिन्हा एवं अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी तथा भौतिकी व्याख्याता चंद्रशेखर मिथलेश को बधाई देते हुए उनके सतत मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं प्रेरणादायी प्रयासों की सराहना कर शुभकामनाएं दी हैं।

## समाचार संक्षेप

### सेवा सेतु पोर्टल से तीन वर्षीय आरव पंचाल का 10 दिन में बना जाति प्रमाणपत्र

■ पिता ने नजदीकी सेवा-सेतु केन्द्र से किया आवेदन, बिना भागदौड़ समय पर मिली सुविधा

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में डिजिटल सुशासन की पहल से नागरिकों को मिल रही त्वरित व पारदर्शी सेवाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 12 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा संचालित सेवा-सेतु पोर्टल नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी और सहज शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। इस पहल का लाभ अब आम नागरिकों तक तेजी से पहुंच रहा है। रायगढ़ के गुजराती गली, दरोगापारा निवासी विकास कुमार पंचाल ने अपने तीन वर्षीय पुत्र आरव पंचाल का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नजदीकी सेवा-सेतु केन्द्र के माध्यम से आवेदन किया। आवेदन के मात्र 10 दिनों के भीतर उन्हें जाति प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया।

विकास कुमार पंचाल ने बताया कि उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के साथ सेवा-सेतु केन्द्र में आवेदन प्रस्तुत किया था। सभी दस्तावेज पूर्ण होने के कारण निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनका आवेदन शीघ्र निराकृत किया गया और उनके पुत्र का जाति प्रमाण पत्र समय पर जारी कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पहले ऐसे कार्यों के लिए कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन सेवा-सेतु पोर्टल के माध्यम से पूरी प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक हो गई है। उन्होंने बताया कि समय पर प्रमाण पत्र मिलने से उनके बच्चे के भविष्य में शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए जरूरी दस्तावेज उपलब्ध हो गया है। उन्होंने इस जनहितकारी व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा-सेतु केन्द्रों ने आम नागरिकों तक शासकीय सेवाओं की पहुंच को पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान बना दिया है।

#### 442 डिजिटल सेवाओं के साथ और सशक्त हुए सेवा-सेतु केन्द्र

राज्य शासन ने डिजिटल सुशासन को मजबूत करने की दिशा में लोक सेवा केन्द्रों को नया स्वरूप देते हुए उन्हें सेवा-सेतु केन्द्र के रूप में विकसित किया है। पहले जहां इन केन्द्रों के माध्यम से नागरिकों को 73 शासकीय सेवाएं उपलब्ध थीं, वहीं अब इनकी संख्या बढ़ाकर 442 सेवाएं कर दी गई है। इससे नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हो रही हैं। सेवा-सेतु केन्द्रों के विस्तार से अनावश्यक भागदौड़ और समय की बचत होने के साथ-साथ डिजिटल सुशासन को भी नई मजबूती मिल रही है।

## एक नजर

### गांवों में रोजगार व आजीविका को गति देने के लिए वीबी-जी राम-जी योजना लागू

**महासमुन्द, 12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम-जी, अधिनियम, 2025 1 जुलाई, 2026 से पूरे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू हो गई है। यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार, आजीविका सुरक्षा और गांवों के सतत विकास को नई मजबूती देगा। इसके तहत पात्र ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार की वैधानिक गारंटी 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य में वीबी-जी-राम-जी योजना के तहत मजदूरों को 300 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। पूरे देश में आज इस योजना की शुरुआत की गई। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में राष्ट्रीय कार्यक्रम के माध्यम से योजना लांच की गई। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चैहान थे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी राज्यों में किया गया। छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम कबीरधाम जिला के गंडई खुर्द में हुआ। वहीं सभी जिलों में इसका प्रसारण हुआ। महासमुंद में जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल ने कहा कि ग्रामीण परिवारों को वीबी जीरामजी योजना से और अधिक लाभ मिलेगा। पहले 100 दिन का काम दिया जाता था, किंतु अब 125 दिन काम मिलेगा।

### वीबी-जीरामजी में 300 रु. दैनिक मजदूरी तय कर केंद्र सरकार ने ग्रामीण श्रमिकों के साथ अन्याय किया : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद, 12 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 1 जुलाई 2026 से लागू वीबीङ्कजीरामजी कानून के तहत ग्रामीण श्रमिकों के लिए अधिसूचित दैनिक मजदूरी दर वर्तमान महंगाई और जीवन-यापन की लागत के अनुरूप नहीं है। अधिकांश राज्यों में मजदूरी 300 रु. प्रतिदिन निर्धारित करना लाखों ग्रामीण श्रमिकों की वास्तविक जरूरतों की अनदेखी है। आज की परिस्थितियों में यह राशि एक परिवार के सम्मानजनक जीवन-यापन के लिए पर्याप्त नहीं कही जा सकती। चंद्राकर ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में श्री राहुल गांधी ने 'श्रमिक न्याय' के तहत मनरेगा सहित सभी श्रमिकों के लिए रु. 400 प्रतिदिन राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देने की घोषणा की थी। इसके विपरीत केंद्र सरकार ने 300 रु. प्रतिदिन की मजदूरी तय कर यह स्पष्ट कर दिया है कि श्रमिकों की आय बढ़ाना उसकी प्राथमिकताओं में नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गठित डॉ. अनूप सतपथी समिति ने वर्ष 2019 में ही 375 रु. प्रतिदिन राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की सिफारिश की थी। इसके बाद महंगाई में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसी स्थिति में विशेषज्ञों की सिफारिशों और वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए मजदूरी दर में कहीं अधिक वृद्धि अपेक्षित थी। दुर्भाग्य से सरकार ने अपनी ही विशेषज्ञ समिति की महत्वपूर्ण सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया।

### डीईओ ने तीन विकासखंडों के 10 विद्यालयों का किया मेगा निरीक्षण

# पीएम श्री विद्यालय घरघोड़ा में स्वच्छता और अनुशासन पर रहेगा विशेष फोकस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कक्षा में मोबाइल उपयोग नहीं करने के दिए निर्देश**





**रायगढ़, 12 जुलाई।** नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले की शैक्षणिक व्यवस्था को अनुशासित, उत्तरदायी एवं परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू एवं जिला मिशन समन्वयक आलोक स्वर्णकार ने रायगढ़, तमनार एवं घरघोड़ा विकासखंड के 10 शासकीय विद्यालयों का सघन एवं आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों के अधिगम स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षा संचालन, स्वच्छता, अभिलेख संधारण तथा निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यालयों की सराहना की गई, वहीं लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

शासकीय माध्यमिक शाला बंगुरसिया में पाठ्यपुस्तक वितरण, डेली डायरी एवं शैक्षणिक अभिलेखों में गंभीर कमियां पाई गईं। इस पर प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित सीएसी भूपेश पांडा अनुपस्थित मिले, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। प्राथमिक शाला बंगुरसिया में जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए गिनती एवं पहाड़ों का परीक्षण किया। कक्षा तीसरी के छात्र विपुल गुप्ता ने 20 तक के पहाड़े धाराप्रवाह सुनाकर सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास एवं आत्मविश्वास के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महलोई में प्रत्येक कक्षा का निरीक्षण करने के साथ निर्माणाधीन नए भवन की प्रगति का जायजा लिया गया। संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। शिक्षकों की बैठक लेकर ब्लूप्रिंट आधारित शिक्षण, बोर्ड परीक्षा की तैयारी तथा प्रत्येक विद्यालय का प्रभावी स्कूल डेवलपमेंट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवगढ़ में निरीक्षण के दौरान कुछ शिक्षक कक्षा में अध्यापन कराने के बजाय स्टाफ रूम में बैठे मिले। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित शिक्षकों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्यालय समय में प्रत्येक शिक्षक का स्थान विद्यार्थियों के बीच कक्षा में होना चाहिए। पीएम श्री विद्यालय तमनार में शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नियमित कक्षा संचालन, विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता एवं अनुशासित वातावरण को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। पीएमश्री विद्यालय घरघोड़ा में विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर प्राचार्य को साफ-सफाई, सुव्यवस्थित परिसर तथा सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण विकसित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी विद्यालयों में साउंड सिस्टम के माध्यम से नियमित एवं व्यवस्थित प्रार्थना सभा आयोजित करने के निर्देश दिए गए, ताकि विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नैतिक मूल्यों का विकास हो सके।

शासकीय हाई स्कूल भालूमार में जिला शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू ने स्वयं चॉक पकड़कर विद्यार्थियों को अंग्रेजी व्याकरण का अध्यापन कराया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, नियमित अध्ययन करने तथा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश विद्यालयों की कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा शिक्षकों को सीखने के परिणामों में सुधार लाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षकों को प्रत्येक विद्यार्थी की सीखने की क्षमता पर व्यक्तिगत ध्यान देने, आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए विषयवार रणनीति तैयार करने, ब्लूप्रिंट आधारित शिक्षण अपनाने तथा प्रभावी स्कूल डेवलपमेंट प्लान तैयार कर उसका समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्पष्ट हिदायत दी गई कि कक्षा में अध्यापन के दौरान कोई भी शिक्षक मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करेगा। विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की प्रयोगशाला हैं। शिक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक शिक्षक का प्रथम दायित्व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण और बेहतर सीखने के अवसर प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाना है। आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम के लिए अभी से ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य करना होगा। हर विद्यालय में नियमित मॉनिटरिंग, प्रभावी कक्षा संचालन, स्वच्छ एवं प्रेरणादायी वातावरण तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सतत सुधार हमारी प्राथमिकता है। प्रत्येक विद्यालय अपने स्कूल डेवलपमेंट प्लान के अनुरूप कार्य करे। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरीक्षण और अकादमिक सहयोग की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

# संयुक्त टीम ने किया औद्योगिक इकाइयों का औचक निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ वामा डेयरी व जेनिथ एग्रीजोन को नोटिस, परिवहन विभाग ने वसूला 8,800 रुपये समन शुल्क

**महासमुंद, 12 जुलाई।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में गठित संयुक्त जांच दल ने तुमगांव स्थित वामा डेयरी तथा बिरकोनी स्थित औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बलौदाबाजार दिशा शुक्ला, परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला, श्रम पदाधिकारी डी.एन. पात्र, पर्यावरण विभाग से एस.के. चौधरी एवं सहायक संचालक उद्योग विभाग सुश्री वैभवी साहू एवं श्रम उप निरीक्षक बेलारसन बघेल शामिल रहे। संयुक्त टीम ने सबसे पहले वामा डेयरी, तुमगांव का निरीक्षण किया। जांच के दौरान औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी कई कमियां सामने आईं। श्रमिकों को समय पर वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा था तथा उन्हें आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) उपलब्ध नहीं कराए गए थे। परिवहन विभाग की जांच में दो वाहन बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के संचालित पाए गए, जिन पर कार्रवाई करते हुए 8,800 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। पर्यावरण एवं उद्योग विभाग की जांच में कोई अनियमितता नहीं मिली।

श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम-1948, वेतन भुगतान अधिनियम-1936, समान पारिश्रमिक अधिनियम-1976 तथा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण निधि अधिनियम-1982 के अंतर्गत निरीक्षण किया गया। इस दौरान सूचना बोर्ड एवं अधिनियमों का सारांश प्रदर्शित नहीं पाया गया तथा आवश्यक अभिलेख भी प्रस्तुत नहीं किए गए। इन कमियों के संबंध में प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके बाद बिरकोनी स्थित शुभम ऑर्गेनिक का निरीक्षण किया गया, जहां वैध कारखाना लाइसेंस नहीं पाया गया। निरीक्षण के समय इकाई बंद मिली। संयुक्त दल ने जेनिथ एग्रीजोन, बिरकोनी का भी निरीक्षण किया। यहां श्रमिकों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जाने, पर्याप्त अग्निशमन यंत्र नहीं होने तथा कार्य अवधि संबंधी सूचना प्रदर्शित नहीं होने जैसी कमियां मिलीं। उद्योग विभाग की जांच में कोई अनियमितता नहीं पाई गई। परिवहन विभाग की जांच में एक वाहन का फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं मिला तथा चार वाहनों में एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) नहीं लगी पाई गई। इस संबंध में नोटिस जारी किया जा रहा है।

# सुशासन सरकार की पहल से विकास कार्यों को मिली रफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ बाकारूमा-लैलूंगा मार्ग पर अधूरे सड़क निर्माण का रास्ता साफ

■ सीएम साय के नेतृत्व में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता

■ कलेक्टर की पहल से उपलब्ध हुई आवश्यक राशि

■ डीएमएफसे 1.32 करोड़ रुपए की स्वीकृति, निविदा प्रक्रिया शुरू

■ शेष 600 मीटर सड़क निर्माण जल्द होगी पूर्ण



**रायगढ़, 12 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार सुशासन, पारदर्शिता और त्वरित विकास कार्यों के संकल्प के साथ प्रदेशभर में अधोसंरचना परियोजनाओं को गति दे रही है। इसी कड़ी में जिले के विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने की दिशा में बाकारूमा से लैलूंगा तक 23 किलोमीटर लंबाई के मार्ग का निर्माण कार्य एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) लोन-3 परियोजना के अंतर्गत लगभग 72.50 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया है, मार्ग निर्माण के दौरान ग्राम राजपुर में लगभग 600 मीटर क्षेत्र में भू-अर्जन भुगतान नहीं होने के कारण संबंधित भू-स्वामियों द्वारा निर्माण कार्य नहीं करने दिया गया। यह सड़क क्षेत्र के अनेक गांवों के लिए आवागमन की महत्वपूर्ण कड़ी है, जिससे ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापारिक गतिविधियों में सुविधा प्राप्त हो रही है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने एडीबी अधिकारियों से संपर्क कर भू-अर्जन की राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद दिनांक 11 मई 2026 को 85 लाख 48 हजार 691 रुपये की राशि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), लैलूंगा को अंतरित की गई। हालांकि, एडीबी अधिकारियों द्वारा जिला प्रशासन को अवगत कराया गया कि उक्त 600 मीटर सड़क निर्माण के लिए अतिरिक्त राशि उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका।

### ग्रामीणों की समस्या हल करने लोनिवि ने प्राक्कलन तैयार करवाया

ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने पहल करते हुए लोक निर्माण विभाग से प्राक्कलन तैयार कराया और जिला खनिज न्यास संस्थान (डीएमएफ) मद से 1 करोड़ 32 लाख 56 हजार रुपये की राशि 21 मई 2026 को स्वीकृत की गई। इसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की गई है तथा निविदा पूर्ण होने के पश्चात शेष सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसी बीच आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर मार्ग को तत्काल आवागमन योग्य बनाने के उद्देश्य से मरम्मत कार्य प्रारंभ कराया गया। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने तथा सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

**महतारी वंदन योजना : महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की नई पहचान**

# हर माह की आर्थिक सहायता से बढ़ रहा है महिलाओं का आत्मविश्वास

■ महतारी वंदन योजना बन रहा सशक्तिकरण का आधार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 12 जुलाई।** समाज के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर दिखाई देता है। इसी सोच को साकार करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना की शुरुआत की। यह योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम बन गई है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह पात्र महिलाओं के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से राशि जमा की जाती है। इससे सहायता राशि बिना किसी मध्यस्थ के सीधे हितग्राहियों तक पहुंच रही है। नियमित आर्थिक सहयोग से महिलाओं में आर्थिक सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और वे परिवार की जिम्मेदारियों में पहले से अधिक आत्मविश्वास के साथ भागीदारी निभा रही हैं। आज जारी हुई 29वीं किस्त ने एक बार फिर महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी है।



**घरेलू जरूरतों से लेकर भविष्य की सुरक्षा तक बन रही सहारा:** महतारी वंदन योजना की राशि का उपयोग महिलाएं अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप कर रही हैं। यह राशि घर के राशन, रसोई, बच्चों की पढ़ाई, स्कूल की फीस, पुस्तकें, यूनिफॉर्म, स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों तथा अन्य घरेलू खर्चों को पूरा करने में सहायक बन रही है। अनेक महिलाएं नियमित बचत कर भविष्य की जरूरतों के लिए आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित कर रही हैं। कई हितग्राही अपनी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश कर रही हैं। योजना ने महिलाओं को केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की नई प्रेरणा भी दी है। कई महिलाएं सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, पशुपालन, सब्जी उत्पादन, किराना दुकान, खाद्य प्रसंस्करण तथा अन्य छोटे व्यवसायों में इस राशि का उपयोग कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। इससे वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं, बल्कि समाज में अपनी अलग पहचान भी बना रही हैं।

### बढ़ा आत्मविश्वास,बढ़ा है सम्मान भी घर में

नियमित आर्थिक सहायता ने महिलाओं के आत्मविश्वास को नई मजबूती दी है। पहले जहां छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए भी उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब वे स्वयं निर्णय लेने में सक्षम हो रही हैं। परिवार की आर्थिक व्यवस्था में उनकी भागीदारी बढ़ी है और उनके विचारों को अधिक महत्व मिलने लगा है। इससे महिलाओं के आत्मसम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा में भी सकारात्मक वृद्धि हुई है।

### गांवों तक दिखाई दे रहा सकारात्मक बदलाव

ग्रामीण क्षेत्रों में भी महतारी वंदन योजना का व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है। महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर बचत, स्वरोजगार और आयवर्धन की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। इससे आर्थिक गतिविधियों में उनकी सहभागिता बढ़ी है और परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन की नई तस्वीर भी सामने आ रही है।

### रायगढ़ की शारदा यादव और चंपा सिदार ने जताया मुख्यमंत्री के प्रति आभार

रायगढ़ की हितग्राही शारदा यादव ने बताया कि उन्हें महतारी वंदन योजना की 29वीं किस्त की राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि यह राशि घर के राशन और अन्य आवश्यक खर्चों में काफी सहायक होती है। सरकार महिलाओं के हित में अच्छा कार्य कर रही है और इस योजना से महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा का एहसास हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। वहीं श्रीमती चंपा सिदार ने कहा कि महतारी वंदन योजना आज केवल एक आर्थिक सहायता योजना नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन चुकी है। नियमित आर्थिक सहयोग के माध्यम से यह योजना महिलाओं को अपने परिवार की जिम्मेदारियों को और बेहतर ढंग से निभाने, भविष्य के लिए बचत करने, स्वरोजगार अपनाने तथा समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का अवसर प्रदान कर रही है। यही कारण है कि महतारी वंदन योजना आज प्रदेश सहित जिले की अनेक महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की एक प्रेरक कहानी बन चुकी है।

# जनदर्शन में क्षेत्र की जनता बताई अपनी समस्याएं,विधायक ने अधिकारियों को दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा 12 जुलाई।** छुरा विकासखंड स्थित लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में शनिवार को आयोजित राजिम विधायक रोहित साहू के जनदर्शन कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगरवासी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनदर्शन में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विधायक के समक्ष अपनी व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक समस्याएं रखीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान जनता की भीड़ बनी रही और अपनी बात सीधे विधायक तक पहुंचाने को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला।



जनदर्शन में कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें बिजली, सड़क, नामांतरण, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार, जर्जर आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत, पंचायत सचिव को हटाने, राशन कार्ड बनवाने, ऋण पुस्तिका जारी करने सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामले शामिल रहे। विधायक रोहित साहू ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुना और कई मामलों में तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन लगाकर मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए।

विधायक ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी भी आवेदक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न कटवाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि समस्या के समाधान के बाद संबंधित आवेदक को इसकी जानकारी अवश्य दी जाए, ताकि लोगों को अपने कार्य की प्रगति की जानकारी मिलती रहे। जनदर्शन के दौरान विधायक रोहित साहू का सख्त रुख भी देखने को मिला। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ÷सरकारी अधिकारी और कर्मचारी जनता की सेवा के लिए हैं। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा जनता को बेवजह परेशान किया गया या काम के लिए भटकाया गया, तो ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब जनता को परेशान करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि आम नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान मिले और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जनप्रतिनिधि और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय से ही विकास कार्यों में गति आएगी तथा जनता का शासन-प्रशासन पर विश्वास और मजबूत होगा। विधायक ने कहा कि जनदर्शन केवल शिकायत सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का मंच है। यहां प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और संबंधित विभागों से नियमित समीक्षा भी की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष छुरा खोमन चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, सरपंच संघ अध्यक्ष फिंगेश्वर हरीश साहू, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, भाजपा नेता मानसिंग निषाद, इमरान मेमन, सूजल कोठारी, मंडल अध्यक्ष खड़मा हेमंत सिन्हा, महामंत्री अरेंद्र साहू, थानसिंग निषाद, पीलूराम यादव, उपसरपंच यामिनी चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विधानसभा सत्र से घबराई भाजपा सरकार, कांग्रेस के सवालों से बचना चाहती है: भागवत साहू

**राजनांदगांव 12 जुलाई।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगामी मानसून (पावस) सत्र को लेकर राजनीतिक माहौल गर्माने लगा है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले ही सरकार घबराई हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनहित से जुड़े मुद्दों को पूरी मजबूती से सदन में उठाएगी जिससे सरकार के लिए जवाब देना आसान नहीं होगा।



श्री साहू ने जारी बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के नाम से ही भाजपा सरकार के हाथ-पांव फूलने लगे हैं। सरकार को इस बात का डर सता रहा है कि कांग्रेस विधायक महंगाई, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा आम जनता से जुड़े मुद्दों पर सवालों की झड़ी लगा देंगे, जिनका संतोषजनक जवाब सरकार के पास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपने ढाई वर्ष के कार्यकाल में जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरने में पूरी तरह विफल रही है। प्रदेश में महंगाई लगातार बढ़ रही है बेरोजगारी चिंता का विषय बनी हुई है और भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर जनता में भारी नाराजगी है। सरकार केवल प्रचार-प्रसार में व्यस्त है जबकि जमीनी स्तर पर विकास कार्य अपेक्षित गति से नहीं हो रहे हैं। श्री साहू ने आरोप लगाया कि सरकार के खिलाफअसंतोष केवल विपक्ष तक सीमित नहीं है बल्कि भाजपा के अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं में भी नाराजगी दिखाई दे रही है। कई जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी समय-समय पर अपनी ही सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार के भीतर भी सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधानसभा सत्र में किसानों की समस्याएं, धान खरीदी, खाद-बीज की उपलब्धता, बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जनहित के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। कांग्रेस जनता की आवाज बनकर सरकार से जवाब मांगेगी और प्रदेशवासियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। श्री साहू ने कहा कि इन दिनों मीडिया के माध्यम से आम जनता की राय भी सामने आ रही है। विभिन्न स्थानों पर लोगों से यह पूछा जा रहा है कि यदि आज विधानसभा चुनाव हो जाए तो किस दल की सरकार बनेगी और क्यों। जनता के जवाबों से साफ संकेत मिल रहे हैं कि प्रदेश की जनता सरकार के कामकाज से संतुष्ट नहीं है और बदलाव चाहती है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की कथनी और करनी का अंतर समझ चुकी है।

# 10.50 करोड़ के हाईलेवल ब्रिज का रास्ता साफ

### विधायक रोहित साहू ने अधिकारियों संग किया निर्माण स्थल का निरीक्षण, छुरा-कोमाखान मार्ग पर आवाजाही होगी सुगम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा12 जुलाई।** क्षेत्र की वर्षो पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग अब धरातल पर उतरने जा रही है। शनिवार को राजिम विधायक रोहित साहू ने छुरा स्थित सूखा नदी पर प्रस्तावित 10 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उच्चस्तरीय पुल के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सेतु निगम, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रस्तावित पुल की डिजाइन, एप्रोच रोड, निर्माण क्षेत्र तथा तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी विधायक को दी। विधायक रोहित साहू ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह पुल क्षेत्र के हजारों लोगों की जीवनरेखा साबित होगा और इसके निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



सूखा नदी पर बना पुराना पुल हर वर्ष बारिश के दौरान जलस्तर बढ़ने पर पूरी तरह डूब जाता है। पुल के ऊपर पानी आने से छुरा, कोमाखान, महासमुंद, ओड़िशा के खरियार रोड और नुआपाड़ा की ओर जाने वाला प्रमुख मार्ग कई घंटों से लेकर कई दिनों तक बंद हो जाता है। इससे आम नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों की इसी वर्षों पुरानी समस्या को देखते हुए विधायक रोहित साहू ने लगातार शासन स्तर पर पहल की, जिसके परिणामस्वरूप 10.50 करोड़ रुपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल निर्माण को स्वीकृति मिली। अब जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है।

प्रस्तावित उच्चस्तरीय पुल बनने के बाद वर्षभर निर्बाध आवागमन संभव होगा। मानसून में संपर्क टूटने की समस्या समाप्त होगी, व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा छत्तीसगढ़ और ओड़िशा के बीच आवागमन और अधिक सुगम हो जाएगा। इससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

निरीक्षण के दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि केवल पुल ही नहीं, बल्कि गरियाबंद से कोमाखान तक सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है और इसका कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होगा। सड़क चौड़ी होने से यातायात अधिक सुरक्षित एवं सुगम होगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।



विधायक ने निर्माण एजेंसियों एवं विभागीय अधिकारियों से कहा कि पुल निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा हो, ताकि क्षेत्र की जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और विकास कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

उच्चस्तरीय पुल की स्वीकृति और निर्माण प्रक्रिया शुरू होने से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। लोगों का कहना है कि वर्षों से जिस पुल की मांग की जा रही थी, वह अब साकार होती दिखाई दे रही है। स्थानीय नागरिकों ने इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए विधायक रोहित साहू के प्रयासों की सराहना की।

# विधानसभा के दो दर्जन स्कूलों का उन्नयन मात्र औपचारिकता :इन्द्र साव

■ विधानसभा के अधिकांश स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का आभाव



**भाटापारा 12 जुलाई।** विधानसभा के दो दर्जन प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अतिआवश्यक निर्माण मरम्मत के अंतर्गत फर्श मरम्मत, शौचालय मरम्मत, किचन शेड मरम्मत, फ्लोरिंग, छत मरम्मत, खिड़की-दरवाजें मरम्मत, पेयजल व्यवस्था की मरम्मत, जल भराव, विद्युतीकरण मरम्मत सहित विभिन्न कार्यो की स्वीकृति विधायक इन्द्र साव की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया गया है। जो कि ऊंट के मुंह में जीरा के समान है, क्योंकि भाटापारा विधानसभा के सैकड़ो ऐसे स्कूल है, जहां विभिन्न समस्याएं व्याप्त है, बुनियादी सुविधाओं का आभाव है। मात्र दो दर्जन स्कूलों का उन्नयन कर मात्र औपचारिकता पूरी की जा रही है। भाटापारा ब्लॉक के ग्राम- मजगांव, चमारी, पेण्ड्री, बोरसी, गोढ़ी टी, निपनिया, गोढ़ी एस, राजाढ़ार, तरेंगा, मोपर, सिंगारपुर, मोपका, गुर्रा एवं सिमगा ब्लॉक के ग्राम- तोरा, धोबनी, ढेकुना, बम्हनीडीहर, मांढ़र ब, माचाभाट, रोहरा, ढेकुना, संजारी नवागांव, खैरघट, दामाखेड़ा, लांजा शामिल है। विधायक इन्द्र साव ने डी.एम.एफ की बैठक में भी, डीएमएफकी राशि का उपयोग शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं पर करने की मांग प्रमुखता से रखे थे। इन्द्र साव ने बताया कि विधानसभा, भाटापारा ब्लॉक के बीस हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में सायकल स्टैण्ड की आवश्यकता है। इक्कीस प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शौचालय की आवश्यकता है। सिमगा ब्लॉक के लगभग बत्तीस ऐसे शौचालय है जो डिस्मेंटल कर पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। नौ, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में सायकल स्टैण्ड की आवश्कता है। लगभग उन्नीस स्कूलों में पहुंच मार्ग नहीं है। लगभग सताईस विद्यालयों में अहाता निर्माण की आवश्यकता है। विधानसभा के लगभग एक सौ पचहत्तर विद्यालय जहां अतिरिक्त कक्ष एवं जीर्णोद्धार की आवश्यकता है।

# कृषि विभाग ने बिना लाइसेंस लिए उर्वरक तैयार करने पर की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 जुलाई।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में नकली, अवमानक तथा बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के उर्वरक एवं जैविक खाद का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर जानकारी एकत्रित की जा रही है तथा नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कृषि विभाग के उडऩ्दस्ता दल द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम कातलवाही स्थित किसान मित्र स्वस्तिक ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड में छापेमार कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित इकाई आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) एवं अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सकी। छापेमारी के दौरान परिसर से विभिन्न प्रकार की उर्वरक एवं कच्ची सामग्री की कुल 2485 बोरी जब्त कर नियमानुसार पंचनामा तैयार किया गया। जब्त सामग्री में प्रोम (स्वस्तिक ऑर्गेनिक) 1512 बोरी, बायोचार 62 बोरी, प्रिज्म चौंपियन 375 बोरी, पीवीसी एसजी 35 बोरी, सुपर ग्रेड-1 (ह्यूमेट 98 प्रतिशत) 14 बोरी, ह्यूमिक एसिड 19 बोरी, कंपोस्ट पाउडर 40 बोरी, व्हाइट क्ले (बेंटोनाइट) 40 बोरी, रॉक फॉस्फेट 40 बोरी, बायो एनपीके 8 बोरी तथा कुबेर बायो प्रोम 340 बोरी शामिल हैं। जांच के दौरान जब्त सामग्री के नमूने नियमानुसार परीक्षण हेतु सुरक्षित किए गए हैं। फैक्ट्री से संबंधित



उत्पादन, भंडारण एवं अन्य अभिलेखों की भी जांच की जा रही है। प्रयोगशाला परीक्षण एवं जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 तथा अन्य लागू विधिक प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में जिला स्तरीय उर्वरक निरीक्षक एवं सहायक संचालक कृषि डॉ. बिरेंद्र अनंत तथा उडऩ्दस्ता दल में विकासखंड स्तरीय उर्वरक निरीक्षक श्री जीवन्तलाल चंद्रवंशी, श्री सुनील शर्मा सहित अन्य सदस्य शामिल थे। कृषि विभाग द्वारा नकली, अवमानक, बिना अनुज्ञप्ति के उर्वरकों के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरूद्ध जांच एवं कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कृषि विभाग द्वारा किसानों से केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही उर्वरक खरीदने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल कृषि विभाग को देने की अपील की गई है।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ 430 से अधिक लोगों ने उठाया

**दल्लीराजहरा12 जुलाई।** नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजहरा व्यापारी संघ एव छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफकॉमर्स के तत्वावधान में 10 जुलाई को सिंधी भवन, रेलवे कॉलोनी रोड में एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रायपुर से आई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का परीक्षण कर नि:शुल्क परामर्श और उपचार किया। शिविर में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। कुल 430 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ लिया। चर्म रोग, बीपी, शुगर की जांच के साथ-साथ सोनोग्राफी जैसी आधुनिक सुविधाएं भी शिविर में नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं।



शिविर में रायपुर से पधारे डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ मनोज चेलानी,डॉ अनूप तिग्गा,डॉ सोनल बघेल,डॉ प्रेमराज डेपप्टा,डॉ मोहित पटेल, डॉ सत्यम सोनी, डॉ निशा सोनी, डॉ सोनिया, डॉ आशुतोष,उनकी पूरी टीम

एवं गौतम नर्सिंग के स्टाफ का विशेष योगदान रहा। डॉक्टरों ने मरीजों को खान-पान, जीवनशैली और बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कई मरीजों को आगे के उपचार के लिए उचित सलाह भी दी गई। शिविर के मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुरेश कुमार साहू थे। विशेष अतिथि के रूप में राजहरा सीएसपी विकास पाटले और थाना प्रभारी अविनाश सिंह उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर से आम जनता को बड़ी राहत मिलती है। उन्होंने व्यापारी संघ के इस सामाजिक कार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने कहा कि दल्लीराजहरा और आसपास के क्षेत्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव लंबे समय से समस्या बना हुआ है।

# महावीर इंग्लिश मीडियम स्कूल में नि:शुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर से 380 बच्चे हुए लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद 12 जुलाई।** श्री जैन मंडल बालोद द्वारा संचालित महावीर इंग्लिश मिडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, बालोद में आज एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में स्कूल के नर्सरी से लेकर चौथी कक्षा तक के 380 छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें लाभान्वित किया गया। यह शिविर उदयाचल चैरिटेबल आई हॉस्पिटल, राजनांदगांव के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर के दौरान मेडिकल टीम द्वारा बच्चों के आंखों की रोशनी, कलर ब्लाइंडनेस और दांतों से जुड़ी समस्याओं जैसे कैविटी व ओरल हाइजीन की गहन जांच की गई। जांच में जिन बच्चों को आगे के इलाज या चश्मे की आवश्यकता पाई गई, उनके पालकों के लिए मेडिकल रेफरल स्लिप भी जारी की गई।



शिविर में पहुंचे उदयाचल चैरिटेबल आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने स्कूल प्रबंधन की जमकर प्रशंसा की। डॉक्टरों की टीम ने कहा: स्कूल की व्यवस्थाएं बेहद सराहनीय और उच्च स्तरीय हैं। बच्चों को अनुशासित तरीके से शिविर का लाभ दिलाना और प्रबंधन का सहयोग काबिले तारीफ रहा। स्कूल प्रशासन का बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति यह सजग रवैया देखकर हमें बेहद खुशी हुई।÷ शिविर की सफलता और स्कूल की इस पहल पर बच्चों के अभिभावकों ने भी अपनी खुशी जाहिर की। पालकों का कहना था कि स्कूल सिर्फपढ़ाई ही नहीं, बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास और सेहत पर भी ध्यान दे रहा है। समय रहते बच्चों की आंखों और दांतों की जांच होने से वे बेहद संतुष्ट नजर आए और इस कार्य के लिए स्कूल प्रबंधन की खूब सराहना की

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन (श्री जैन मंडल बालोद) ने उदयाचल अस्पताल की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा: बच्चों के बेहतर शैक्षणिक विकास के लिए उनका शारीरिक रूप से स्वस्थ होना बेहद जरूरी है। हमारा उद्देश्य सिर्फकिताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र स्वास्थ्य की देखभाल करना भी है। भविष्य में भी हम इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करते रहेंगे ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल और स्वस्थ रहे।

# बालोद बस स्टैंड की वर्षों पुरानी जलभराव समस्या के समाधान के लिए 23 लाख रुपए की लागत से बनेगी नई नाली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 12 जुलाई।** शहर के प्रमुख बस स्टैंड क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-930) स्थित बस स्टैंड के सामने 23 लाख रुपये की लागत से बनने वाली नई नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन एवं कार्यारंभ किया गया। इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद बरसात के मौसम में बस स्टैंड परिसर में होने वाले जलभराव से यात्रियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

बताया गया कि पूर्व में इस स्थान पर निर्मित नाली तकनीकी दृष्टि से व्यवस्थित नहीं थी, जिसके कारण हल्की बारिश होने पर भी बस स्टैंड परिसर में पानी भर जाता था। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, वहीं बस स्टैंड के आसपास संचालित व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी आर्थिक एवं व्यावसायिक नुकसान उठाना पड़ता था। लंबे समय से स्थानीय नागरिक एवं व्यापारी इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे थे।भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन एवं नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा संतोष चौधरी के सतत प्रयासों से इस बहुप्रतीक्षित कार्य को स्वीकृति मिली। साथ ही प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव के मार्गदर्शन एवं सहयोग से 23 लाख रुपये की लागत से बनने वाली नई नाली का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह कार्य पूर्ण होने के बाद बस स्टैंड क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ होगी और बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक निर्माण कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह नाली निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण होगा और इसका लाभ प्रतिदिन हजारों यात्रियों, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों को मिलेगा।



भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, नगर पालिका परिषद बालोद की उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पार्षद गिरजेश गुप्ता, प्रीतम यादव, गोकुल ठाकुर, बंटी शर्मा, रवि प्रकाश पांडेय, सुनीता मनहर, गोमती रात्रे, श्यामा यादव, पुष्पा साहू, जागेश्वर ढीमर, हितेश्वरी कौशिक, कांति तरुण साहू एवं आशा पटेल उपस्थित रहे।

इनके अलावा बालोद चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हरीश सांखला, भाजपा शहर मंडल के उपाध्यक्ष महेश पाठक एवं श्रवण टावरी, दानमल जैन, प्रतिमा यादव, दीप्ति यादव, छवि सार्वा, प्रीतिबाला साहू, संजय शर्मा, राज सोनी, हेमराज जग्यासी, किशोर बाफ्ना, बस स्टैंड के व्यापारीगण तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ व जेष्ट -श्रेष्ठ कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पुरोबी वर्मा को प्रदेश कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी

**दल्ली राजहरा 12 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इसमें दल्ली राजहरा की पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पुरोबी वर्मा को प्रदेश कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुरोबी वर्मा की नियुक्ति पर दल्ली राजहरा के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पुरोबी वर्मा दल्ली राजहरा नगर की प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष रह चुकी हैं। वे लगातार 10 साल तक अध्यक्ष पद पर रहीं और इस दौरान नगर के विभिन्न विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पद पर न रहते हुए भी उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के विभिन्न गतिविधियों में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया। संगठन ने उनकी मेहनत और समर्पण का सम्मान करते हुए उन्हें प्रदेश स्तर पर यह महत्वपूर्ण दायित्व दिया है। भाजपा नेता स्वाधीन जैन ने कहा कि लोग अब तक यह आरोप लगा रहे थे कि किसी महिला को एल्डरमैन की नियुक्ति नहीं दी गई लेकिन दल्ली राजहरा में किसी महिला को प्रदेश स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी देकर प्रदेश कार्यकारिणी समिति ने विरोधियों का मुंह बंद कर दिया । उन्होंने कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी समिति में कार्यालय प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण पद पर महिला को नियुक्त किया जाना दल्ली राजहरा के लिए गर्व और बहुत बड़ी उपलब्धि है। पुरोबी वर्मा की इस नियुक्ति से क्षेत्र की महिलाओं और कार्यकर्ताओं को नई प्रेरणा मिली है।



## दीदी के गोट कार्यक्रम का आयोजन

**दल्लीराजहरा12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम के तहत नया सवेरा महिला संकुल संगठन कुसुमकसा द्वारा दीदी के गोट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस एवं ग्राम विशेष अतिथि पंचायत प्रतिनिधि संतोष जैन और पंकज जेठवानी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीदियों द्वारा मंचाशीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत कर दीप प्रज्वलित किया गया। मंच पर संकुल क्षेत्र की स्वयं सहायता समूहों की पदाधिकारी और बिहान समूह की सक्रिय दीदियां मौजूद थीं। कार्यक्रम स्थल पर छत्तीसगढ़ राज्य राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और दीदी के गोट – दीदियों की कहानी, उन्हीं की जुबानी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । मुख्यअतिथि श्री बैस ने संबोधित करते हुए कहा कि आज बिहान समूह सिर्फबचत या ऋण समूह नहीं रह गया है। ये हमारे गांव की महिलाओं की ताकत, एकता और आत्मनिर्भरता का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुका है। जब महिलाएं संगठित होकर काम करती हैं तो पूरे परिवार और समाज की तस्वीर बदल जाती है।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर दीदी आर्थिक रूप से सशक्त बने और अपने पैरों पर खड़ी हो। ग्राम पंचायत प्रतिनिधि संतोष जैन और पंकज जेठवानी ने भी दीदियों के कार्यों की सराहना की और पंचायत की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। 'दीदियों ने सुनाई अपनी कहानी' दीदी के गोट के दौरान बिहान समूह से जुड़ी कई दीदियों ने अपनी सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे समूह से जुड़कर उन्होंने छोटा-मोटा व्यवसाय शुरू किया और परिवार की आय बढ़ाई। कार्यक्रम में महिलाओं ने सामूहिक गीत और अनुभव साझा कर माहौल को प्रेरणादायक बना दिया।




# जरा पाने की चाहत में, बहुत कुछ छूट जाता है... नदी का साथ देता हूँ, समंदर रूठ जाता है....

आखिर भारत का नागरिक अपनी नागरिकता किस कागज़ से साबित करे? सरकार कहती है कि आधारकार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं, पासपोर्ट अंतिम नागरिकता प्रमाणपत्र नहीं, वोटर आईडी सिर्फ़ पहचान, मतदान का दस्तावेज़ है। फिर देश के लोग नागरिकता किस आधार पर साबित करें? मंत्रियों, सांसदों, विधायकों को शपथ दिलाई जाती है, यूपीएससी पास उम्मीदवार भी सरकारी सेवा में नियुक्त होते हैं, तब उनकी नागरिकता किस दस्तावेज़ के आधार पर सत्यापित होती है?यह बात आम नागरिक को साफ़ साफ़ क्यों नहीं बताई जाती..? आधार कार्ड-केवल पहचान और पते का प्रमाण है, नागरिकता का नहीं।पैन कार्ड- यह आयकर उद्देश्यों के लिए एक पहचान संख्या मात्र है।वोटर आईडी, राशन कार्ड- ये क्रमशः मतदान करने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए हैं, नागरिकता के अंतिम कानूनी प्रमाण नहीं हैं।

### रायपुर एयरपोर्ट बना है उनकी पुश्तैनी जमीन पर...

रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट की जमीन को लेकर एक अनोखा और बड़ा कानूनी विवाद सामने आया है। रायपुर के किसान अश्विनी बांधे ने एयरपोर्ट की 34.35 हेक्टेयर (लगभग 816 एकड़ के बड़े हिस्से)जमीन पर अपना पुश्तैनी दावा ठोकते हुए देश की सर्वोच्च अदालत का दरवाजा खटखटाया है। किसान अपनी पुश्तैनी जमीन के लिए ऐतिहासिक कानूनी लड़ाई लड़ रहा है।दावा है कि एयरपोर्ट की वर्तमान टर्मिनल बिल्डिंग, ञ्च गार्डन उनके पूर्वजों की जमीन पर बने हैं, जून 2026 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर 3500 करोड़ रुपए का मुआवजा मांगा गया है।पिछले 35सालों से रेकॉर्ड रूम, दफ्तरों, अदालतों के चक्कर काट रहे हैं, जिसमें अब तक करीब 20 करोड़ ? खर्च हो चुके हैं, मिले जमीन के सरकारी दस्तावेज से इस लड़ाई को तब बड़ी मजबूती मिली जब संस्कृति विभाग रायपुर की ऐतिहासिक प्रदर्शनी में उन्हें जमीन के सरकारी दस्तावेज मिले। संस्कृति विभाग के एक उप संचालक ने भी पुष्टि की है कि द्वितीय विश्व युद्ध के समय माना एयरफील्ड के लिए बरौदा, रामचंडी, आसपास के गांवों की जमीन अधिग्रहित की गई थी, राजस्व रेकॉर्ड आज भी सुरक्षित हैं। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रमाणित प्रतियों को निकाल कर सुप्रीम कोर्ट में अपना दावा मजबूत किया है, मामले के दस्तावेजों के अनुसार ब्रिटिश सरकार ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1939 में डिफेंस ऑफ इंडिया एक्ट लागू किया था। इसी के तहत 1942 में हवाई जहाजों को उतारने और सैन्य ठिकाने (माना एयर फील्ड) बनाने के लिए देश भर में जमीनें अधिग्रहित की गई, अश्विनी बांधे के अनुसार उनके पूर्वजों से यह जमीन महज 1300 ? सालाना लीज पर ली गई थी। शर्त के मुताबिक युद्ध खत्म होने के बाद जमीन लौटाई जानी थी, लेकिन 84 साल बीत जाने के बाद भी न तो जमीन वापस मिली और न ही किराया.....!






### बोड़ा : शाकाहारी सब्जी मांसाहारी स्वाद...

आदिवासी बाहुल्य बस्तर आदिवासी संस्कृति, बस्तर दश हरा, जलप्रपातों सहित अंधी मछलियों लिये प्राकृतिक गुफा कुटुमसर के लिये प्रसिद्ध है तो एक सब्जी के लिए भी जाना जाता है।साल में बरसात में एक सप्ताह मिलने वाली यह सब्जी 1 से 2 हजार किलो में भी बिकती है यह सब्जी भारत के किसी भी पांच सितारा होटल से भी महंगी है। मानसून की दस्तक के साथ ही बस्तर के लोगों की जुबान पर एक ही लफ्ज सुनाई देता है 'बोड़ा निकला क्या?' बस्तर में शाकाहारी सब्जी होने के बाद भी मांसाहारी का स्वाद मिलता है। बस्तर के सरगीपाल, नानपुर, तितिरगांव में साल के घने जंगल है। जंगली जानवरों, जहरीले सांपों से भरपूर इस जंगल में आदिवासी महिलाएं टोली बनाकर जाती हैं और बोडा का संग्रहण करती है। बस्तर बाजार में यह सब्जी 1हजार ? किलो में भी हाथों हांथ बिक जाती है।असल में एक तरह का फंगस है, साल पेड़ों के पास की नमीयुक्त जमीन को खुरचकर उसमें छिपे बोड़ा निकाला जाता है। शुरुवाती दौर पर जो काले रंग का बोड़ा निकलता है उसे 'जात बोड़ा' कहते हैं, बेहद नरम होता है। इसके बाद सफेद परत के साथ कड़क होते जाने पर इसे लाखड़ी कहते हैं। लाखड़ी की कीमत जात बोड़ा से लगभग आधी होती है, राजधानी रायपुर में भी बोड़ा की मांग बढ़ रही है यहां राजिम, धमतरी तथा नगरी आदि से निकला बोड़ा पहुंच रहा है। कृषि वैज्ञानिकों की मानें, साल वनों की जड़ों से निकले विविध रसायन यह माइक्रोला जीकल फंगस है। सैल्यूलोज, कार्बोहाईड्रेट से भरपूर होने की वजह से यह शुगर, हाईब्लड प्रेशर वालों के लिए भी लाभप्रद है। फंगस (बोड़ा) पत्तियों पर अपना जीवन चक्र चलाता है।



### लौह स्क्रैप चोरी, बीएसपी के 2 अफसर गिरफ्तार...

भिलाई इस्पात संयंत्र से संगठित रूप से लौह स्क्रैप चोरी प्रकरण में प्लांट के हिमांशु भूषण मलिक, जीएम एसएमएस 3, उम्र 54 वर्ष, मनोज कुमार देवांगन इंजीनियरिंग एसोसिएट एसएम एस 3, उम्र 58 वर्ष को गिरफ्तार किया है।अब तक कुल 15 आरोपी पुलिस गिरफ्त मेंआ चुके हैं, तहकीकात अभी भी चल रही हैं पिछले 4-5 माह से योजनाबद्ध तरीके से बीएसपी के लौह स्क्रैप को फ्लू डस्ट के साथ चोरी कर अवैध रूप से संग्रहित कर लाभ अर्जित किया जा रहा था। लगभग 90 लाख मूल्य का लौह स्क्रैप, वाहनों सहित कुल लगभग 3 करोड़ 22 लाख ? की संपत्ति पूर्व में जप्त की जा चुकी है।अक लोरडीह खदान पारा स्थित एके ट्रेडर्स, प्लॉट क्रमांक 18 एचआईए हथ खोज में पुलिस टीम द्वारा जांच की गई। मौके पर ही विभिन्न हाईवा, ट्रक एवं अन्य वाहनों में फ्लू डस्ट के साथ लोहे की प्लेट, बीम एवं कटिंग सामग्री भरी हुई पाई गई। साथ ही बड़ी मात्रा में लौह स्क्रैप अलग-अलग ढेरों में संग्रहित मिला था।

### और अब बस....

» छग में मानसून की मेहर बानी से गंगरेल आधा भरा, पहले दौर की झमाझम से बांधों के जलस्तर में 3% की बढ़ोतरी।
» नकटी, बिजली, पानी, सड़क, खाद, कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर 1033 सवालों के साथ विधानसभा का मानसून सत्र 13 जुलाई से।
» खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में महतारी वंदन योजना में एक पुरुष द्वारा आवेदन कर 10 माह तक सहायता राशि लेता रहा है।
» बहुचर्चित शराब, कोल लेवी, कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोपी रामगोपाल अग्रवाल से ईओडब्ल्यू पूछताछ कर रही है, ये कांग्रेस के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रहे चुके हैं।

## एक नजर

### बेरला आगमन पर साव का जिपं अध्यक्ष कल्पना ने किया स्वागत



**रायपुर, 12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के बेरला आगमन पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर उपमुख्यमंत्री साव का स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया तथा क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर सौजन्य चर्चा की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में प्रदेश के सर्वांगीण विकास, ग्रामीण अधोसंरचना, सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण के क्षेत्र में लगातार प्रभावी कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और शासन के बीच बेहतर समन्वय से विकास कार्यों को और अधिक गति मिलती है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाकर लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है।

### नकटी से कलेक्टोरेट तक आज पदयात्रा करेंगे प्रभावित ग्रामीण

**रायपुर, 12 जुलाई।** नई राजधानी के ग्राम नकटी में गरीबों के घरों में बुलडोजर चलाने के बाद विवाद और गहरा गया है. प्रभावित ग्रामीण आज राजधानी में कलेक्टोरेट तक पदयात्रा करेंगे. मजदूर महासंघ की उपाध्यक्ष पार्वती साहू की अगुवाई में ग्रामीण सुबह 11 बजे से पदयात्रा शुरू करेंगे. राजधानी में अंबेडकर चौक पर पहुंचने के बाद सत्याग्रह शुरू होगा. समाज सेविका पार्वती साहू ने कहा कि कलेक्टोरेट चौक में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के पास वे खुद अनिश्चितकालीन सत्याग्रह करेंगी. 12 जुलाई को पदयात्रा के बाद अगले दिन 13 जुलाई से सत्याग्रह शुरू होगा. उन्होंने मांग उठाई कि गरीबों का घर तोड़ा गया. उसी स्थान पर सर्वसुविधायुक्त मकान बनाकर दिया जाए. उन्होंने अपना मकान बनाने जो कर्ज लिया था, उसे माफकिया जाए. साथ ही उन्हें क्षतिपूर्ति भी दी जाए. उन्होंने कहा कि नकटी में अगर पीएम आवास गैरकानूनी रूप से बना था तो अनुमति प्रदान करने वाले अधिकारी के खिलाफएफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए.

### डिस्को नाइट क्लबों में पुलिस का छापामार अभियान

**रायपुर, 12 जुलाई।** राजधानी के वीआईरोड पर स्थित डिस्को नाइट क्लबों में आज पुलिस ने छापामार कार्यवाही की जिससे भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान क्लब संचालकों पर तयसमय से ज्यादा क्लब चालू रखने, अवैध पार्किंग, यातायात जाम होने तथा नाबालिगों को प्रवेश देने के आरोप लगे हैं। पुलिस ने फिलहाल सभी को चेतावनी देकर छोड़ दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, तेलीबांध के टीआई झा के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने छापामार शैली में क्लबों की घेराबंदी की तथा तलाशी अभियान चलाया। संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। इनमें कुछ राजनीतिक दलों से जुड़े छुटभैए नेता भी देखे गए। सभी को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया हालांकि कुछ लोग पुलिस पर फब्तियां कसते देखे गए। इसका मतलब है कि पुलिस की वर्दी का डर खत्म हो गया है। दरअसल कल शनिवार होने के कारण वीआईरोड पर स्थित डिस्को नाइट क्लब देर रात तक चलते रहे जबकि नियमतः 12 बजे बंद हो जाना चाहिए।

# अधिवक्ता व न्यायाधीश मिलकर न्याय व्यवस्था पर जनता का विश्वास बनाए रखें : बृजमोहन अग्रवाल

## रायपुर जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह संपन्न

- सांसद निधि से अधिवक्ताओं की व्यवस्था के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा
- सांसद बोले-राजनीति में संविधान और कानून के जानकारों का आना जरूरी



**रायपुर, 12 जुलाई।** शुक्रवार को रायपुर जिला एवं सत्र न्यायालय में रायपुर जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नव निर्वाचित अध्यक्ष देवांगन जी और उनकी पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों से न्याय व्यवस्था की साख को मजबूत बनाए रखने का आह्वान किया।

**न्याय व्यवस्था पर जनता का अटूट विश्वास :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ मेरा लगभग पचास सालों का संबंध है। उन्होंने न्याय व्यवस्था के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ÷आज के समय पर न्यायाधीश और अधिवक्ता, अगर ये दोनों मिलजुलकर नहीं चलेंगे, तो शायद हमारी न्याय व्यवस्था प्रभावित होगी। आज समाज में अगर सब चीजों के ऊपर से लोगों का विश्वास उठ चुका है, तो सिर्फ एकमात्र न्याय व्यवस्था बची है जिसके ऊपर जनता का भरोसा है। इस अविश्वास की भावना को विश्वास में बदलने का काम केवल न्याय व्यवस्था ही कर सकती है।

**'जीता वही सिकंदर' का निर्णय न्याय व्यवस्था करती है :** राजनीतिक परिदृश्य पर बेबाकी से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी पूरी व्यवस्था राजनीतिक है, जहाँ साम-दाम-दंड-भेद से लोग सत्ता में आना चाहते हैं और कहते हैं कि 'जीता वही सिकंदर'। लेकिन वह कैसे जीता, इसका निर्णय न्याय व्यवस्था ही करती है कि अगर किसी ने गलती की है तो उसे सजा कैसे दी जाए। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि पहले संसद और विधानसभाओं में पचास प्रतिशत लोग वकालत या न्यायिक पृष्ठभूमि से होते थे, लेकिन आज राजनीति में कानून के जानकारों की अरुचि बढ़ी है। देश की राजनीति को बेहतर बनाने के लिए पढ़े-लिखे और संविधान व कानून को जानने वाले लोगों को आगे आना चाहिए।

**सांसद निधि से 10 लाख की घोषणा और छात्र जीवन के**

### गरीबों व राजस्व मामलों के लिए विशेष व्यवस्था का आह्वान

उन्होंने अधिवक्ता संघ से आग्रह किया कि दूर-दराज के गाँवों से आने वाले गरीब पीड़ितों की मदद के लिए जो क्लीनिक बना है, उसे और प्रभावी बनाया जाए। विशेषकर राजस्व (जमीन-जायदाद) से जुड़े मामलों में होने वाली अनियमितताओं के कारण गरीब भटकते हैं और अपने अधिकारों से वंचित हो जाते हैं। अधिवक्ताओं को एकजुट होकर इन गरीबों को न्याय दिलाने की दिशा में काम करना चाहिए।

**संस्मरणः** सांसद अग्रवाल ने जिला अदालत से जुड़े अपने पुराने संस्मरणों को साझा करते हुए बताया कि 1977 से लेकर 2000 तक उन्होंने न्यायालय के बहुत चक्कर काटे हैं। यहाँ तक कि छात्र जीवन में कॉलेज और यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए भी उन्हें जबलपुर हाई कोर्ट तक का दरवाजा खटखटाना पड़ा था। अधिवक्ताओं की समस्याओं को करीब से जानने के कारण उन्होंने मंच से अधिवक्ता संघ की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए अपनी सांसद निधि से ?10 लाख देने की घोषणा की।

# छत्तीसगढ़ की सुभद्रा मरावी ने राष्ट्रीय पूमसे प्रतियोगिता में जीता कांस्य

## प्रदेश का नाम किया रोशन




**रायपुर, 12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। सुश्री सुभद्रा मरावी ने 5वीं राष्ट्रीय ताइक्कांडो पूमसे चैंपियनशिप 2026 में अंडर-40 महिला व्यक्तिगत रिकग्नाइज़्ड पूमसे स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह प्रतियोगिता 9 से 11 जुलाई 2026 तक शिव छत्रपति इंडोर स्टेडियम, पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित की गई।

यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि राष्ट्रीय पूमसे स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का यह पहला पदक है। इस गौरवपूर्ण सफलता ने पूरे प्रदेश को गर्व का अवसर प्रदान किया है। इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय खिलाड़ी की कठिन मेहनत एवं कोच ललित जोगे के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। उनके निरंतर प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप सुभद्रा मरावी ने राष्ट्रीय स्तर पर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सुभद्रा मरावी एवं कोच ललित जोगे को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

सभी पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि को छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह सफलता प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को पूमसे विधा में आगे बढ़ने और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

इस अवसर पर कोच ललित जोगे ने कहा,

सुभद्रा मरावी द्वारा जीता गया यह कांस्य पदक केवल एक खिलाड़ी की सफलता नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो परिवार के लिए गर्व का विषय है। राष्ट्रीय पूमसे प्रतियोगिता में प्रदेश का पहला पदक जीतना हमारे लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो परिवार ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सु सुभद्रा मरावी को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राजधानी में जाम क्लियर कराने तुरंत पहुंचेगी क्यूआरटी

## ट्रैफिक पुलिस को मिली 10 नई तेज रफ्तार बाइक्स



**रायपुर, 12 जुलाई।** राजधानी रायपुर में ट्रैफिक समस्या पर प्रभावी रूप से एक्शन लेने के लिए पुलिस की क्विक रिस्पॉन्स टीम को 10 नई तेज रफ्तार बाइक प्रदान की गई है. अब ट्रैफिक पुलिस भीड़ भरी सड़क पर जल्द पहुंचकर लगे जाम को क्लियर कराएगी. नई दोपहिया वाहन मिलने के बाद क्यूआरटी को सदरबाजार, रामसागरपारा, तात्यापारा जैसे हेवी ट्रैफिक वाले क्षेत्र में पहुंचने में दिक्कत नहीं आएगी.

यातायात व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) के जवानों को इमरजेंसी लाइट और सायरन से लैस आधुनिक बाइक उपलब्ध कराई गई हैं. इससे जाम की स्थिति में भीड़भाड़ वाले इलाकों तक टीम तेजी से पहुंच सकेगी. पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने पुलिस कार्यालय परिसर में क्यूआरटी टीमों को शहर के संवेदनशील और जाम प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इससे पहले उन्होंने यातायात अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्था की समीक्षा भी की. पुलिस के अनुसार, शहर में सुगम और निर्बाध यातायात सुनिश्चित करने के लिए सभी 10 क्यूआरटी टीमों को नए आधुनिक वाहनों से सुसज्जित किया गया है. साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि जाम की सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर यातायात सामान्य कराए, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े. पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि शहर में कहीं भी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनने पर वे तुरंत यातायात हेल्पलाइन नंबर 94792 10632 पर सूचना दें. सूचना मिलते ही संबंधित ट्रैफिक थाने की क्यूआरटी टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारु बनाने की कार्रवाई करेगी. इस दौरान एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले सहित यातायात पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे.

# सरकार की अनसुनी के बाद भगवान की शरण में गई कांग्रेस

**रायपुर, 12 जुलाई।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में आज चिंताहरण हनुमान मंदिर चौबे कॉलोनी में रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में बिजली की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा विधिवत हवन पूजन कर भगवान से प्रार्थना की गई। विकास उपाध्याय ने बताया कि स्मार्ट मीटर की विधिवत पूजा कर धीरे धीरे बिजली खपत करे अधिक तेजी से रीडिंग स्पीड न करे इसके लिए प्रखर पंडितों द्वारा आराध्य देव की पूजा की गई, वही ट्रांसफार्मर की पूजा कर अधिक बिजली कटौती न करें लो ओल्टेज की समस्या ना देवे इसके लिए विनती की गई चूंकि भारत देश की पहचान सनातन धर्म से है, सरकार की अनसुनी की बाद भगवान की शरण में जाना ही शेष रह गया है इसीलिये आज कांग्रेस पार्टी और आमजन मानस द्वारा हवन पूजन किया गया। उपाध्याय ने कहा कि राजधानी रायपुर सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ आज अघोषित बिजली कटौती, महंगी बिजली दर, लो ओल्टेज से परेशान है वही सोलर पैनल अपने घर में लगाने के जनता को तैयार किया गया और कहा गया कि आपके द्वारा अधिक बिजली उत्पादन पर आपकी बिजली सरकार द्वारा क्रय की जाएगी लेकिन जनता को सरकार लगभग 4 रु से 8 प्रति यूनिट की दर से चार्ज कर रही है और जनता द्वारा सोलर पैनल से उत्पादन बिजली की लगभग 1.80 रु यूनिट की दर से खरीद रही है ये तो सीधे सीधे जनता को छलने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है।




# ईओडब्ल्यू को बनाया गया राजनीतिक हथियार : बंजारे

**रायपुर, 12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार आज बिरगांव के व्यास तालाब में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया।जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता को कमजोर कर ईओडब्ल्यू सहित केंद्रीय एवं राज्य की जांच एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिशोध के हथियार के रूप में कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेताओं को झूठे मामलों में फंसाकर डराने, बदनाम करने और लोकतांत्रिक आवाज को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज शर्मा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी भी इसी राजनीतिक मानसिकता का हिस्सा प्रतीत होती है। यदि किसी के विरुद्ध जांच होनी है तो वह निष्पक्ष, पारदर्शी और कानून के दायरे में होनी चाहिए, न कि राजनीतिक दबाव और बदले की भावना से प्रेरित होकर।। बिरगांव के महापौर नंदलाल देवांगन ने कहा कि कांग्रेस इस तरह की कार्रवाई से डरने वाली नहीं है। भाजपा सरकार जितना दमन करेगी, कांग्रेस उतनी ही मजबूती से जनता के अधिकारों, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी। जनता सब देख रही है और समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए निष्पक्ष जांच, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बंद करने की मांग की।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26